राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15

अंक : 08

पृष्ठ : 08

गौतमबुद्धनगर

सोमवार 08 दिसंबर 2025

मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट

पेज 3 ग्रेटर नोएडा के एक पोखर में मिला युवक का शव

पेज 4 देर रात सड़क हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की

पेज 6 शुभमन गिल फिट, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में


## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व सीजेआई बोले-आरक्षण का मतलब पीछे छूटों को बराबरी देना

मुंबई। पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि उन्होंने जब शेड्यूल कास्ट आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की बात कही, तो उन्हें अपने ही समुदाय के लोगों की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। पूर्व सीजेआई गवई मुंबई यूनिवर्सिटी में आयोजित एक लेक्चर में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा, अंबेडकर की नजर में आरक्षण ऐसा था जैसे किसी पीछे छूटे व्यक्ति को साइकिल देना, ताकि वह बाकी लोगों के बराबर पहुंच सके।

### नेवी चीफ बोले- ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ

**नई दिल्ली।** इंडियन नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने रविवार को कहा कि भले ही ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोका गया है, लेकिन ये अभी भी जारी है। भारत पर अगर कोई भी अटैक की कोशिश करेगा, तो हमारी सेना उसे मुंहतोड़ जवाब देगी, जैसा ऑपरेशन सिंदूर के समय दिया था। रविवार को दिल्ली में आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे फंक्शन 2025 में पहुंचे नेवी चीफ ने कहा- आप जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर केंद्र सरकार ने क्या कदम उठाए थे। मुझे महसूस होता है कि इस देश के नागरिकों को अपनी सेना पर गर्व है। अगर कोई हम पर बुरी नजर डालेगा, तो हम उसे करारा जवाब देंगे।

# इंडिगो संकट- एयरलाइन ने अबतक 610 करोड़ रिफंड किए

**देशभर में यात्रियों को 3 हजार बैगेज भी लौटाए; छठे दिन 650+ फ्लाइट कैंसिल**

**नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता।** इंडिगो ऑपरेशन संकट के बीच रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ का रिफंड कर दिया है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3 हजार से ज्यादा बैगेज भी लौटाए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार शाम इसकी जानकारी दी।

मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा।

यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट फुल कैपेसिटी के साथ उड़ान भर रही हैं।

इंडिगो के सीईओ ने पीटर एल्बर्स ने बताया कि आज हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं।

ऑन टाइम परफॉर्मेंस 75 प्रतिशत रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें




ऑपरेट करती है। हमारी सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं।

कल भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। इससे पहले एयरलाइन ने शुक्रवार को लगभग 1600 फ्लाइट और शनिवार को लगभग 800 फ्लाइट कैंसिल की थीं।

### सरकार सख्त- इंडिगो संकट पर जारी किए आदेश-निर्देश

कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस 7 दिसंबर को रात 8 बजे तक पूरा करनी होगी। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा।

कंपनी के सीईओ को 24 घंटे में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से जारी संकट के चलते कंपनी पर एक्शन क्यों न लिया जाए। जवाब न देने पर डीजीसीए एकतरफा फैसला ले सकेगा।

बाकी एयरलाइंस के बढ़ते किराए पर रोक लगाई। हवाई किराया फिक्स किया।

अब कोई भी एयरलाइन 500 किमी की दूरी तक 7500 रुपए, 500-1000 किमी तक 12 हजार रुपए से ज्यादा किराया नहीं ले पाएगी।

एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18 हजार रुपए तय किया गया है। हालांकि ये किराया सीमा बिजनेस क्लास के लिए लागू नहीं होगी।

# एलओसी पर पाकिस्तान के 68 आतंकी लॉन्चपैड सक्रिय

**120 आतंकी भारत में घुसने की तैयारी में; सुरक्षाबलों को निर्देश- टेररिस्ट सीमा के करीब न पहुंचें**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्चपैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी सेक्टरों में निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि आतंकी सीमा के करीब भी न पहुंच सकें।

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार LoC की ओर भेजा जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं।

सभी फोर्सेज को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हर घुसपैठ की कोशिश को सीमा पर ही रोक दिया जाए।

# एसआईआर प्रक्रिया-तमिलनाडु में 84 लाख वोटर्स के फॉर्म जमा नहीं

- कट सकता है नाम, बंगाल में ये संख्या 54 लाख से ज्यादा; 11 दिसंबर लास्ट डेट

**चेन्नई/कोलकाता/तिरुवनंतपुरम।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के फॉर्म 11 दिसंबर तक जमा होंगे। इसी बीच तमिलनाडु में अब तक मिले डेटा से पता चलता है कि मसौदा मतदाता सूची से 84 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कट सकते हैं।

राज्य में अब तक 84.91 लाख एन्यूमरेशन फॉर्म अनकलेक्टेबल श्रेणी में हैं। यानी इन फॉर्म को अलग-अलग कारणों से इकट्ठा नहीं किया सकता है। इसमें अधूरी जानकारी होना, 2003 की लिस्ट में नाम न मिलना, वोटर की मौत या शिफ्ट हो जाना प्रमुख कारण हैं।

वहीं बंगाल में शुक्रवार तक अनकलेक्टेबल एन्यूमरेशन फॉर्म की संख्या 54.59 लाख थी। यानी इनके



नाम वोटर्स लिस्ट से कटने की आशंका है।

जबकि केरल में जिन वोटरों का पता नहीं चल रहा है, जो मर चुके हैं या स्थायी रूप से शिफ्ट हो गए हैं। उनकी संख्या बढ़कर 20 लाख से ज्यादा हो गई है।

दरअसल बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू हुआ है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा।

**इंडिगो संकट**



बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान में व्यवधान के बीच, बोर्डिंग गेट पर इंडिगो की अपनी उड़ान के बारे में पूछताछ करते यात्री।

### गुजरात एटीएस का बड़ा एक्शन, राजस्थान में ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री पकड़ी; छह लोग गिरफ्तार

जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर में गुजरात एटीएस में कार्रवाई को अंजाम देते हुए एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री पर दबिश देते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गुजरात एटीएस की टीम ने रविवार सुबह जोधपुर के शेरगढ़ में दबिश दी। जहां एमडी ड्रग्स बनाते हुए छह लोग पकड़े गए। पुलिस ने मौके से केमिकल से भरे कई जार जब्त किए। फैक्ट्री में केमिकल बरामद किया है, उससे करीब दो करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स बनाई जा सकती थी। दरअसल गुजरात एटीएस की टीम ने बालोतरा में कार्रवाई को अंजाम देकर मोनू ओझा को पकड़ा था जिसके साथ कुछ अन्य लोग भी थे।

**नासिक में बड़ा हादसा, 600 फीट गहरी खाई में गिरी कार**

# 6 लोगों की हुई मौत

नाक। महाराष्ट्र के नाक जिले में रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक कार 600 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिसमें छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा शाम करीब 4 बजे सप्तश्रृंगगढ़ घाट, कलवान तालुका में हुआ। मरने वाले सभी लोग निफाड़ तालुका के पिंपलगांव बसवंत के रहने वाले थे। कार में कुल सात लोग सवार थे और टोयोटा इनोवा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



### मौके पर राहत कार्य देखने पहुंचे एसपी

पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान किर्ती पटेल (50), रसीला पटेल (50), विठ्ठल पटेल (65), लता पटेल (60), वचन पटेल (60) और मणिबेन पटेल (70) के रूप में हुई है। सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस बालासाहेब पाटिल खुद राहत व बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं।

राहत कार्यों में पुलिस टीम के साथ जिला आपदा प्रबंधन समिति के कर्मचारी भी लगे हुए हैं। यह जानकारी रेज़िडेंट डिप्टी कलेक्टर और जिला आपदा प्राधिकरण के सीईओ रोहित कुमार राजपूत ने दी।

### पीएम मोदी और सीएम फडणवीस ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके साथ उनकी संवेदनाएं हैं और घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करते हैं।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना को बेहद दुखद बताया। उन्होंने घोषणा की कि मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। सीएम ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है और मौके पर राहत कार्य पूरी तेजी से चल रहे हैं।



## हैप्पी मॉर्निंग

बेटा (पापा से)- कार की चाबी दो, कॉलेज जाना है फंक्शन है।

पापा- क्यों?

बेटा- 10 लाख की गाड़ी में जाऊंगा तो शान बढ़ेगी।


पापा- ये ले 10 रुपए, 30 लाख की बस में जायेगा, तो ज्यादा शान बढ़ेगी।



## शायरी

मैं आस लगाये जनता हूँ,<br>
तुम नेता सी हो प्रिये,<br>
तुम्हें वोट से मतलब है<br>
तुम्हें प्रेम कहाँ है प्रिये.

## अर्थसार



सेंसेक्स:
85,712.37
+447.05 (0.52%)
निफ्टी:
26,186.45
+152.70

## मौसम



अधिकतम : 24 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूयोदय मंगलवार : 7 : 07
सूर्यास्त सोमवार : 5 : 26

# लाश रखकर प्रदर्शन किया तो होगी 5 साल की जेल

**24 घंटे में करना होगा अंतिम संस्कार; हॉस्पिटल जबरन नहीं रख सकेंगे डेड बॉडी**

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में अब डेड बॉडी रखकर विरोध प्रदर्शन करने, लाश पर राजनीति करने और बिना वजह अंतिम संस्कार नहीं करने पर एक साल से लेकर 5 साल तक की जेल और जुर्माना होगा।

परिजनों को डेड बॉडी लेनी ही होगी, अगर मना करते हैं तो उन्हें 1 साल की सजा हो सकती है।

परिजन विरोध प्रदर्शन के लिए डेड बॉडी देते हैं तो उन्हें भी 2 साल की सजा होगी।

पिछली गहलोत सरकार के समय बने 'राजस्थान मृतक शरीर के सम्मान' अधिनियम के नियम लागू हो गए हैं।

नियमों के नोटिफिकेशन के बाद अब इसके प्रावधानों के तहत कार्रवाई आसान हो गई है।

### 1 से 5 साल तक की सजा हो सकती है

परिजन डेड बॉडी लेने से मना करते हैं तो उन्हें 1 साल की सजा हो सकती है। मृतक के परिवार का सदस्य अगर डेड बॉडी का इस्तेमाल विरोध के लिए करता है या किसी को ऐसा करने की अनुमति देता है, तो उसे 2 साल तक की सजा हो सकती है। कोई नेता या गैर-परिजन बॉडी के साथ प्रदर्शन करेगा तो उसे 5 साल तक सजा का प्रावधान है। परिजन को मृतक का अंतिम संस्कार जल्द से जल्द करना होगा। अंतिम संस्कार में देरी तभी की जा सकेगी, जब परिजन बाहर से आने वाले हों या पोस्टमॉर्टम करना हो।

### 2023 से लागू है कानून, नियम अब बने

पिछली गहलोत सरकार के समय 20 जुलाई 2023 को विधानसभा में इसका बिल पारित हुआ था। इसके बाद 17 अगस्त 2023 को राज्यपाल की मंजूरी के बाद 18 अगस्त 2023 से कानून प्रभावी हो गया था, लेकिन इसके नियम नहीं बने थे। नियम नहीं होने से पुलिस को कार्रवाई करने में परेशानी आ रही थी, इस वजह से अब तक इस कानून का इस्तेमाल भी नहीं हो पाया।

इस कानून के दायरे में परिजनों से लेकर नेता भी आएंगे। 24 घंटे में डेड बॉडी का अंतिम संस्कार करना होगा। ऐसा नहीं करने पर पुलिस डेड बॉडी को कब्जे में लेकर अंतिम संस्कार करवा सकेगी।

# कार-ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर, 5 दोस्तों की मौत

**मेला देखकर लौट रहे थे, गाड़ी में फंसे शव, जशपुर पुलिस और ग्रामीणों ने मुश्किल से निकाला**

जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में भीषण सड़क हादसे में 5 दोस्तों की मौत हो गई।

हादसा 6 दिसंबर शनिवार की रात एनएच-43 पतराटोली के पास हुआ। मनोरा थाना क्षेत्र के मेले से लौट रही आई-20 कार और सामने से आ रहे ट्रेलर के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी टक्कर इतनी खतरनाक थी कि कार सवार सभी 5 युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर लोहे के ढेर में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे। घटना दुलदुला थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक सभी युवक एक ही गांव के रहने वाले थे। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर घर लौट रहे थे। कार्यक्रम से घर पहुंचने की जल्दी में कार की रफ्तार काफी तेज थी। पतराटोली के पास अचानक सामने ट्रेलर को देखकर ड्राइवर नियंत्रण नहीं रख पाया और सीधी भिड़ंत हो गई।

# एमपी में 2.36 करोड़ के इनामी 10 नक्सलियों का सरेंडर

एजेंसी

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में नक्सल इतिहास में पहली बार 10 नक्सलियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने अपने हथियार सौंपकर आत्मसमर्पण किया। इसमें 62 लाख रुपए के इनामी हार्डकोर नक्सली सुरेंद्र उर्फ कबीर भी शामिल हैं।

सभी 10 नक्सलियों पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में कुल 2 करोड़ 36 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इनमें चार महिला और छह पुरुष नक्सली हैं।

### गर्लफ्रेंड से मिलने के लिए पाकिस्तान जा रहा था युवक, सुरक्षा बलों ने राजस्थान में सीमा पर पकड़ा

जयपुर। राजस्थान में बीकानेर जिले की सीमा से पाक जाने की कोशिश कर रहे एक युवक को सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ा है। युवक आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम निवासी प्रशांत वेदम है, वह पाकिस्तान जाने के लिए बीकानेर पहुंचा था। सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में प्रशांत ने बताया कि वह पाकिस्तान के रावलपिंडी में अपनी महिला मित्र से मिलने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि प्रशांत नौ साल में दूसरी बार अवैध तरीके से पाकिस्तान जाने की कोशिश कर रहा था। अब सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त पूछताछ होगी।

# महबूबा बोलीं- सरकार की नीति जम्मू-कश्मीर में फेल हुई

- डॉक्टर सुसाइड बॉम्बर बना; हम यह नहीं कहते कि हमें पाकिस्तान को दे दो, लेकिन इज्जत तो दो

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी नीति पूरी तरह से फेल हो गई है। महबूबा ने रविवार को श्रीनगर में प्रेस कांफ्रेंस कर कश्मीर का मुद्दा उठाया।

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा, कश्मीर इश्यू का नाम लेना अब गुनाह समझा जाता है। लेकिन मुल्क में जो समझदार लोग हैं, वे समझेंगे कि एक पढ़ा-लिखा डॉक्टर अपने ऊपर बम बांधकर बेगुनाह लोगों को मारकर खुद भी जान लेता है। ये कोई अच्छी बात है क्या।

महबूबा मुफ्ती ने कहा, हम तो



गांधी के देश से मिले, बस अपनी जिंदगी इज्जत से जीने के लिए। हम यह तो नहीं कहते कि हमें उठाकर पाकिस्तान को दे दो या यहां-वहां फेंक दो। हमें इज्जत दो, हमारे पढ़े-लिखे युवाओं को इज्जत दो।

**नाइट क्लब फायर**

**सीएम बोले- पटाखे फोड़ने से आग लगी; क्लब मैनेजर सहित 4 गिरफ्तार, 3 अधिकारी सस्पेंड**

# गोवा-नाइट क्लब में आग, 25 मौतें, इनमें 20 कर्मचारी

**पणजी।** गोवा के अरपोरा इलाके में शनिवार देर रात एक नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई, मरने वाले में 20 क्लब के ही कर्मचारी हैं। गोवा पुलिस ने क्लब मैनेजर सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

सीएम प्रमोद सावंत ने कहा, शुरुआती जांच के मुताबिक पटाखे फोड़ने से आग लगी। कुछ लोग बाहर आ गए लेकिन कुछ नहीं आ सके, जिससे उनकी जान चली गई। पूरी जांच की जा रही है, और एक हफ्ते में रिपोर्ट मिल जाएगी। मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा।



गोवा सरकार ने नाइट क्लब को 2023 में अनुमति देने में लापरवाही के आरोप में तीन अधिकारियों पूर्व पंचायत डायरेक्टर सिद्धि तुषार हरलंकर, GSPCB की मेंबर सेक्रेटरी रहीं डॉ. शमिला मोंटेइरो और अरपोरा-नागोआ पंचायत के सेक्रेटरी रघुवीर बागकर को सस्पेंड कर दिया है। शुरुआती जांच में पाया गया कि क्लब में फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं हुआ था। अधिकारी और स्नस्टीम आग की वजह की जांच कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता की घोषणा की है।

### किचन से शुरू हुई आग, सीढ़ियों पर मिले शव

गोवा के डीजीपी आलोक कुमार ने बताया कि 25 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मरने वालों में ज्यादातर क्लब में काम करने वाले कर्मचारी थे। डीजीपी ने कहा- आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर में बनी रसोई से क्लब के दूसरे हिस्सों में फैली। इसलिए सबसे ज्यादा शव किचन एरिया से मिले हैं। भागने की कोशिश में दो लोगों की मौत सीढ़ियों पर हुई।

सीएम सावंत ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आज का दिन गोवा के लिए बहुत दुखद है। अरपोरा में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई। मैं बेहद दुखी हूं और इस कठिन समय में सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने मौके पर जाकर हालात देखे और इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

उन्होंने बताया- जांच में यह पता लगाया जाएगा कि आग कैसे लगी और क्या वहां फायर सेफ्टी और बिल्डिंग के नियमों का सही तरह पालन किया गया था या नहीं। जो भी इस घटना के लिए जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# संपादकीय

## दुनिया के खुशहाल देश इतने खुशहाल क्यों हैं?

**दुनिया का सबसे सरल लेकिन सबसे कठिन सवाल** — आख़िर वे देश सबसे खुशहाल क्यों हैं, जहाँ मंदिर-मस्जिदों की आवाज़ नहीं, बल्कि स्कूलों की घंटियाँ बजती हैं?
और वे देश सबसे दुखी क्यों हैं, जहाँ लड़ाइयाँ और धार्मिक कट्टरता कभी खत्म नहीं होती?
2025 के World Happiness Report के अनुसार : फ़िनलैंड लगातार 7वीं बार नंबर-1, उसके बाद डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन, नीदरलैंड, स्विट्ज़रलैंड।
सबसे नीचे — अफ़ग़ानिस्तान, लेबनान, यमन, सीरिया, दक्षिण सूडान।
ये फर्क केवल GDP का नहीं है — ये फर्क सोच, व्यवस्था और सामाजिक मूल्यों का है।

### खुशहाली की असल जड़ — विज्ञान, समानता और भरोसा

महान विचारकों ने सदियों पहले बता दिया था कि अंधविश्वास और असमानता में विकास का बीज नहीं उगता।
अंबेडकर कहते थे : "Cultivation of mind should be the ultimate aim of human existence." मन का विकास — यानी शिक्षा, विज्ञान, तर्क — यही किसी समाज को आगे बढ़ाता है।

### तथागत बुद्ध का मत

'अज्ञान ही दुख का मूल कारण है।'
जिन समाजों का आधार शिक्षा और विवेक है, वहाँ दुख कम और खुशहाली अधिक मिलती है।

### कार्ल मार्क्स ने कहा

'धर्म उन लोगों की आह है जिनके पास न्याय और सुख का अभाव है।'
अर्थात जहाँ राज्य नागरिकों को न्याय और सुरक्षा देगा, लोग अंधविश्वास पर निर्भर नहीं होंगे।

### स्टीफ़न हॉकिंग का तर्क

'मानवता की सबसे बड़ी शक्ति— नि: शंक वैज्ञानिक दृष्टि।'
वैज्ञानिक दृष्टि ही समाजों को स्थिर, सुरक्षित और प्रगतिशील बनाती है।
और इसी वैज्ञानिक दृष्टि पर टिकी हैं दुनिया की सबसे खुशहाल लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ।

### खुशहाल देशों में क्या खास है? — आँकड़ों में सच्चाई

2025 रिपोर्ट के आँकड़े बताते हैं कि शीर्ष देशों में : भ्रष्टाचार बेहद कम Transparency International Index में फ़िनलैंड, नॉर्वे, डेनमार्क — टॉप 5 में।

### शिक्षा और स्वास्थ्य सार्वभौमिक

WHO के अनुसार: इन देशों में Universal Healthcare Coverage 90 प्रतिशत+ है।

### सामाजिक भरोसा सबसे अधिक

OECD Data: 70 प्रतिशत से अधिक लोग मानते हैं कि पड़ोसी और सरकार भरोसेमंद है।

### धार्मिक कट्टरता लगभग शून्य

Pew Research 2024 : स्कैंडिनेवियन देशों में धार्मिक उग्रता 2 प्रतिशत से भी कम।
यानी वहाँ ऊर्जा विकास पर लगती है, धार्मिक युद्धों पर नहीं।

### बदहाल देशों की असली समस्या — गरीबी नहीं, विचारों की कैद

**Afghanistan, Syria, Yemen जैसे देशों में:**

- धार्मिक कट्टरता अत्यधिक
- लोकतांत्रिक संस्थाएँ कमजोर
- शिक्षा प्रणाली टूटी
- महिला स्वतंत्रता लगभग न के बराबर
- भ्रष्टाचार सबसे ज्यादा

UNDP Human Development Index में ये देश लगातार सबसे नीचे रहते हैं।
गरीबी बीमारी नहीं — लक्षण है।
वास्तविक बीमारी है अंधविश्वास + हिंसा + बंद सोच।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### भारत का सवाल — दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, फिर भी खुशहाल क्यों नहीं?

भारत का रैंक : 2025 World Happiness Index — 126वां स्थान (लगभग)।
सबसे नीचे तो नहीं, लेकिन- इतनी विशाल अर्थव्यवस्था, इतनी युवा आबादी — फिर भी खुशहाल नहीं!

### कारण

☞ राजनीति धर्म-केंद्रित
☞ शिक्षा वैज्ञानिक नहीं, रटंत आधारित
☞ स्वास्थ्य पर जीडीपी का केवल 1.8 प्रतिशत खर्च (विश्व औसत: 6 प्रतिशत)

### बेरोज़गारी पिछले 20 साल में सबसे ज्यादा

(CMIE 2025 डेटा) न्यायिक मामले करोड़ों की संख्या में लंबित

### और सबसे बड़ा कारण —

सत्ता ने वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के बजाय भावनात्मक, धार्मिक और भीड़-आधारित राजनीति चुनी।

### खुशहाली का असली फॉर्मूला — महान विचारकों का साझा सिद्धांत

**दुनिया की खुशहाल व्यवस्थाओं को समझकर चार सिद्धांत निकलते हैं:**

### 1. धर्म का निजीकरण, राजनीति का वैज्ञानिककरण

धर्म व्यक्तिगत होना चाहिए, नीति सार्वजनिक तर्क पर आधारित।

### 2. शिक्षा का आधुनिकीकरण

STEM + Critical Thinking यही भविष्य बनाता है।

### 3. न्याय + पारदर्शिता

जहाँ कानून सब पर समान लागू हो — वहाँ खुशहाली खुद चलकर आती है।

### 4. समाज का मानवीकरण

कल्याणकारी राज्य, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार — ये ही किसी देश की असली ताकत हैं।

### दक्षिण एशिया की असली चुनौती — धार्मिक कट्टरवाद + राजनीतिक अंधविश्वास

यहां समस्या गरीबी की नहीं, गरीबी पैदा करने वाली सोच की है।
भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका — हर जगह धार्मिक पहचान राजनीति का साधन बनी हुई है।
जब तक लोकतंत्र विज्ञान, समानता और न्याय पर आधारित नहीं होगा,
हम स्कैंडिनेविया की खुशहाली के पास भी नहीं पहुँच पाएँगे।

### अंतिम प्रश्न — हम कितने धार्मिक नहीं, हम कितने वैज्ञानिक हैं?

दुनिया के अनुभव कहते हैं:

विकास का रास्ता मंदिर-मस्जिद से नहीं,
स्कूल-अस्पताल से निकलता है।

इसलिए सवाल यह नहीं — 'हम कितने धार्मिक हैं?'
बल्कि यह है — 'हम कितने वैज्ञानिक, न्यायपूर्ण और शिक्षित हैं?'
यही वह सवाल है जो भारत को खुशहाल राष्ट्रों की सूची में सबसे ऊपर ले जा सकता है।

# लोकतंत्र में : बन्दों को गिना करते हैं 'तौला' नहीं करते

तनवीर जाफ़री



नवनिर्वाचित बिहार विधानसभा के पहले सत्र में शपथ ग्रहण के दौरान गत 1 दिसंबर को भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था की वास्तविकता का एक अजीब दृश्य देखने को मिला जबकि राज्य की नवादा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित जनता दल (यूनाइटेड) विधायक विभा देवी को हिंदी में भी शपथ पत्र पढ़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। अनपढ़ होने के कारण ही वह ठीक से शपथ नहीं पढ़ पा रही थीं। इस संबंध में वायरल हुई वीडिओ में देखा गया कि शपथ लेने के दौरान वे बार-बार रुक गईं और उन्होंने पास में बैठी एक अन्य जे डी यू विधायक मनोरमा देवी से शपथ पूरी करने में मदद मांगीं जिन्होंने उन्हें शब्दों का उच्चारण बताया। स्वयं स्पीकर महोदय ने बार बार शपथ लेने में मनोरमा देवी की सहायता की जिसके बाद ही विभा देवी किसी तरह शपथ लेने की औपचारिकता निभा सकीं। विभा देवी का परिचय व उनकी योग्यता केवल यह है कि वे पूर्व विधायक और विवादित बाहुबली राजबल्लभ यादव की पत्नी हैं। वे आर जे डी के प्रत्याशी कौशल यादव को 27,594 वोटों से हराकर विजयी घोषित हुई हैं। गोया अब बिहार का भाग्य लिखने वालों में एक नाम विधायक विभा देवी का भी शामिल होगा। राज्य के नेतृत्व में ऐसे और भी कई उदाहरण हैं।

इसी बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देश के प्रसिद्ध चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर शायद यह सोचकर जन सुराज नामक अपनी पार्टी बनाकर मैदान में उतरे होंगे कि जब वे दूसरे दलों व उनके नेताओं को चुनावी जीत दिला सकते हैं तो स्वयं अपने गृह राज्य में अपनी पार्टी बनाकर विजयी क्यों नहीं हो सकते ? सुख और विलासता के जीवन को त्याग कर गत तीन वर्षों तक पूरे बिहार की ख़ाक छानने के बाद अपनी ही कमाई के करोड़ों रूपये पानी में बहाकर जो मुद्दे वे जनता के सामने रख रहे थे निश्चित रूप से वही मुद्दे आज की राजनीति विशेषकर बिहार की ज़रूरत हैं। जैसे शिक्षा, पलायन, बेरोज़गारी व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को ही उन्होंने अपने चुनाव के सर्वप्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया। इतना ही नहीं बल्कि जितने शिक्षित, अनुभवी, सज्जन, योग्य व दूरदर्शी लोगों को प्रशांत किशोर ने जन सुराज पार्टी का प्रत्याशी बनाया शायद राज्य के किसी अन्य दल ने नहीं बनाया।

परन्तु भारतीय राजनीति व देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था का आज का सच यही है कि नवादा की जिस नवनिर्वाचित विधायक विभा देवी के अनपढ़ होने के कारण उनका मज़ाक़ उड़ाया गया उनके मुक़ाबले में जन सुराज पार्टी ने जिस अनुज सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था वे संसाधन भूगोल (Resource Geography) में पीएचडी धारक थे परन्तु उन्हें कुल 19349 वोट हासिल हुए और वे तीसरे नंबर पर रहे, जबकि अनपढ़ विभा देवी ने कुल 87423 वोट पाकर ज़बरदस्त जीत दर्ज की।

अब एक नज़र डालते हैं पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह प्रकरण पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह ने बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान ही बिहार की नीतीश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुये सरकार की नीतियों, भ्रष्टाचार और पार्टी नेताओं पर कुछ गंभीर सवाल उठाए थे।

उन्होंने बिहार सरकार व अदानी पावर लिमिटेड के मध्य 62,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हुये यह दावा किया था कि यह अडानी को फ़ायदा पहुंचाने की साज़िश है। उन्होंने इस विषय पर सीबीआई जांच की मांग की थी।

इसके अलावा उन्होंने भाजपा नेताओं जैसे भाजपा के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर 1995 हत्या मामले आरोपी होने, अपनी आयु व शिक्षा छिपाने जैसे प्रशांत किशोर के गंभीर आरोपों का समर्थन किया था। आर के सिंह ने अनंत सिंह जैसे एनडीए उम्मीदवारों को अपराधी बताते हुए लोगों से उन्हें वोट न देने की अपील भी की थी। परन्तु बलिहारी हो इस लोकतंत्र की, कि सम्राट चौधरी भी चुनाव जीतकर पुन: राज्य के उप मुख्यमंत्री बन गये और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अनंत सिंह भी विजयी हो गये। जबकि दूसरी ओर इनको आइना दिखाने वाले आर के सिंह जैसे ईमानदार व शिक्षित नेता के आरोपों को भाजपा ने अनुशासनहीनता व पार्टी-विरोधी गतिविधियां मानते हुये उल्टे उन्हें ही पार्टी से निलंबित कर दिया।

उधर अपने निलंबन के कुछ ही घंटों बाद सिंह ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को पत्र लिखकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफ़ा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफ़े में भी साफ़ कहा कि यह कार्रवाई भ्रष्ट लोगों के साथ साठगांठ को साबित करती है। उन्होंने भाजपा आलाकमान से यह भी पूछा कि भ्रष्टाचार व अपराधियों के विरुद्ध आवाज़ उठाना क्या भाजपा की नज़रों में अनुशासनहीनता है ? परन्तु लोकतंत्र में तथ्य व आरोप से भी बड़ा है जनमत या बहुमत। यानी जो जीता वही सिकंदर।


अब एक नज़र राहुल गाँधी की बिहार में की गयी पदयात्रा पर भी डालिये।

राहुल गाँधी ने बिहार में कभी पलायन रोकने के विषय को मुद्दा बनाकर तो कभी वोट अधिकार यात्रा के नाम पर बिहार के लोगों को जागरूक करने की पूरी कोशिश की। राजनीति व राज्य के विकास के बुनियादी मुद्दों पर उन्होंने जनता को जागृत करने का प्रयास किया। परन्तु चुनाव नतीजों ने उन सभी बुनियादी मुद्दों पर भी पानी फेर दिया। गोया मतदाताओं को न तो शिक्षित व चरित्रवान राजनीतिज्ञ समझ आये न ही भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम। न ही राहुल गाँधी, आर के सिंह व प्रशांत किशोर जैसे स्पष्ट बोलने व राजनैतिक दूरदृष्टि रखने वाले संघर्षशील नेता। बल्कि राज्य की जनता जनार्दन ने मुफ़्त राशन, बैंक खातों में मुफ़्त पैसा, धर्म-जाति, परिवारवाद, अनपढ़, अपराधी जैसे मुद्दों व प्रत्याशियों के पक्ष में अपनी राय ज़ाहिर की।

दरअसल आज के चतुर व शातिर राजनेता यह समझ चुके हैं बहुमत हासिल करने के लिये क्या क्या हथकंडे अपनाये जाने चाहिए। और किस तरह मतदान में बहुमत को अपने पक्ष में करना चाहिये। शायद लोकतंत्र की इसी त्रासदी से प्रभावित होकर ही अल्लामा इक़बाल ने लिखा था कि -जम्हूरियत वह तर्ज़-ए-सियासत है कि जिसमें। बन्दों को गिना करते हैं, तौला नहीं करते।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3733




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो - 3732 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

मेजर (जवान से) : तुम इतना ज्यादा क्यों पीते हो? तुम्हें खबर है कि अगर तुम्हारा रिकॉर्ड अच्छा होता तो अब तक सूबेदार हो गए होते।

जवान : माफकीजिए सर! आपकी बात तो सोलह आने सच है। मगर बात यह है कि जब दो घूँट मेरे अंदर पहुँच जाते हैं तो मैं अपने आपको कर्नल समझने लगता हूँ।

□ □ □

एक बार रमन जवानों की परेड करवाने में बहुत व्यस्त था, उसने गरज कर कहा- सभी जवान अपना-अपना दायाँ पैर ऊपर उठाएँ।

बस क्या था, एक जवान ने गलती से बायाँ पैर ऊपर उठा दिया।

यह देख कर रमन जोर से चिल्लाया- ये कौन बेवकूफहै, अपने दोनों पैर ऊपर उठा कर खड़ा है?

□ □ □

चमन (रमन से)- यार! कल तो गजब हो गया। प्लेटफॉर्म पर भीड़ में मेरी प्रेमिका न जाने कहाँ खो गई थी। मुझे तो लगा जैसे मेरे तो हाथों के तोते उड़ गए।

रमन- उफयार! यह तो बहुत ही बुरा हुआ। वैसे ये तो बता दे कितने तोते थे?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3733



**बायें से दायें:-**

१. संजीव कुमार, वहीदा रहमान की 'ऐ मेरी आँखों के पहले सपने' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जायें' गीत वाली फिल्म-४
६. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
८. 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
१०. जीतेंद्र, आदित्य, संगीता की १९९३ की एक फिल्म-५
१३. ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१४. 'किसी को किसी' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता की फिल्म-३
१६. शाहरूख, पूजा भट्ट, रम्या की फिल्म-३
१९. विवाह से पूर्व टीना अंबानी का सरनेम क्या था-३
२१. अमोल, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'सरकाय लेओ' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
२४. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२६. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२
२७. संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम की 'तेरे दिल की तू' गीतवाली फिल्म-२
२९. 'मैं लव तुम से' गीत वाली तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
३१. सुनील दत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला तेरी राह तके ब्रजबाला' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली राज बब्बर, राखी, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
३३. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'ओ ऐसी कोई बात' गीत वाली फिल्म-१

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, वैजयंती की फिल्म-४
२. 'मेरो गाम काथा पारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली फिल्म-२
४. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'रूठ कर हम उन्हें भूल जाने लगे' गीत वाली फिल्म-३
५. फिल्म 'आज का अर्जुन' में 'लक्ष्मी' की भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-३
७. राजेंद्र कुमार, माला सिन्हा की फिल्म-२
९. 'मेरे चेहरे पे' गीत वाली फिल्म-३
११. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१२. अमोल, राखी की 'जो राह चुनी तूने राही' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कभी खुशियों की सरगम' गीत वाली अमिताभ, अरबाज, डिम्पल की फिल्म-४
१६. वी. शांताराम की प्रेमकुमार, मास्टर सुशांत, रंजना, गौरी कामथ अभिनीत फिल्म-२
१७. 'प्यार कर इकरार कर' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय, अमीषा की फिल्म-४
१८. अक्षय कमार, प्रीति जिंटा की फिल्म-३
१९. 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने निभाई है-३
२३. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२५. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
२६. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो अक्सर याद आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेई, उर्मिला मातोंडकर अभिनीत रामगोपाल वर्मा की एक सस्पेंस फिल्म-३
३०. 'माई हार्ट इज बीटिंग गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3732



## सूडोकु -3733


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3732 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 3733



**बाएँ से दाएँ**

1.मरघट,कब्रिस्तान-4
3.पागल,बुद्धिहीन-4
8.भगवान,ईश्वर,खुदा-7
10.डांटना,दुत्कार-3
11.तरुण,किशोर-3
13.ओट,घूँघट-3
15.तपस्या-2
17.पराया,अजनबी-2
18.आनंद,मौज-2
19.सूर्य,भास्कर-2
21.चिंतन,सोच विचार-3
25.वेणी,फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26.वैद्य-3
27.आभास करना-4,3
30.शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31.युद्धघोष,आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2.कवि,गजलकार-3
4.भारत का झंडा-3
5.ईश्वर,भगवान-4
6.गुरुवार-4
7.दुर्ज,पापी,भूत-3
8.शरण,आश्रय-3
9.चांदी-3
12.उत्तराधिकारी-3
13.उत्कृष्ट,प्रधान-3
14.आंचल-3
16.कमल-3
20.रुकना,अंत, ठहराव-3
22.उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23.बर्दाश्त करना, निभाना-3
24.आय, कमाई-4
25.उष्ण-3
28.पराजित करना-3
29.उपपत्नी,दूसरी पत्नी-3

### शब्द पहेली - 3732 का हल



# जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन टला

## एयरड्रोम लाइसेंस न मिलने से कार्यक्रम स्थगित, टेंट हटाए गए

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) का उद्घाटन कार्यक्रम अचानक टाल दिया गया है। एयरड्रोम लाइसेंस न मिलने के कारण यह निर्णय लिया गया। जैसे ही कार्यक्रम रद्द होने की सूचना मिली, इवेंट कंपनी ने टेंट, मंच, पंडाल और कुर्सियों सहित पूरी सामग्री हटाना शुरू कर दिया। जहां कुछ दिन पहले तक भव्य तैयारियां चल रही थीं, अब पूरा स्थल खाली कराया जा रहा है।



एयरपोर्ट पर सभी तैयारियां लगभग पूरी थीं, लेकिन नागर विमानन महानिदेशालय की सुरक्षा और तकनीकी औपचारिकताओं की अंतिम मंजूरी लंबित है। इसी वजह से एयरड्रोम लाइसेंस जारी नहीं हो पाया, जो किसी भी एयरपोर्ट के संचालन की अनिवार्य शर्त है।

अधिकारियों का कहना है कि लाइसेंस जारी होने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और उम्मीद है कि नए साल की शुरुआत में जेवर एयरपोर्ट को संचालन की अनुमति मिल जाएगी। लाइसेंस मिलने के बाद ही उद्घाटन की नई तारीख घोषित की जाएगी।

सूत्रों का मानना है कि 16 दिसंबर से शुरू हो रहे खरमास को देखते हुए भी उद्घाटन जनवरी के मध्य तक टाला जा सकता है, क्योंकि इस अवधि में शुभ कार्य नहीं किए जाते।

# ग्रेटर नोएडा के एक पोखर में मिला युवक का शव

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र के नीमका गांव में रविवार को एक व्यक्ति का शव पोखर में तैरता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान नीमका निवासी 40 वर्षीय राधे के रूप में हुई है, जो कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान बताए जा रहे थे।

परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, राधे मूल रूप से नीमका गांव के रहने वाले थे, लेकिन लंबे समय से दिल्ली के बदरपुर बॉर्डर पर रह रहे थे। उनकी पत्नी कई साल पहले मायके चली गई थी और तभी से वहीं रह रही है। दंपती की एक बेटी है, जिसका विवाह हो चुका है। पत्नी और बेटी के अलग रहने के कारण राधे अकेले रहते थे।

ग्रामीणों ने बताया कि राधे कुछ दिन पहले ही गांव लौटे थे और तभी से उन्हें इधर-उधर अकेले घूमते देखा जा रहा था। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने पोखर में शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव की पहचान कर परिजनों को जानकारी दी।

जेवर पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं।

## नोएडा में शादी समारोह में हर्ष फायरिंग

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। सेक्टर-93 स्थित ग्राम गेझा के एक बारात घर में शनिवार रात सगाई समारोह के दौरान एक व्यक्ति ने पिस्टल लोड करते समय गोली चला दी। इस घटना में सामने बैठे लोग बाल-बाल बच गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। गोली चलने से आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति खुलेआम गोली चलाता दिख रहा है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया है। थाना फेस-2 पुलिस ने इस संबंध में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है ताकि फायरिंग करने वाले व्यक्ति की पहचान की जा सके। पहचान होने के बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हर्ष फायरिंग के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं, गौरतलब है कि अभी कुछ दिन पहले ही जारचा थाना क्षेत्र के एक गांव में हर्ष फायरिंग के दौरान एक मासूम बच्चे की मौत हो गई थी ,वहीं बुलंदशहर के चोला थाना क्षेत्र में भी हर्ष फायरिंग के दौरान एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत हुई थी ।पुकिस के द्वारा कारवाई होने के बावजूद भी शादी विवाह में हर्ष फायरिंग करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं।

# जेवर में दोस्त की हत्या के आरोपी जेल भेजे गए

## मामूली कहासुनी में किया था मर्डर, नहर में फेंका था शव

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के अस्तौली गांव निवासी मनीष की हत्या के आरोपी दोनों दोस्तों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ग्रेटर नोएडा के वेनिस मॉल की पार्किंग से मनीष की कार भी बरामद की।

पुलिस के अनुसार, दोनों हत्यारे मौसेरे भाई हैं और मनीष से उनकी करीब 11 साल पुरानी दोस्ती थी। पार्टी के दौरान मामूली कहासुनी के चलते उन्होंने मनीष का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को जमालपुर गांव के नजदीक पुल से नहर में फेंक दिया।



मृतक मनीष (24) 29 नवंबर को दोनों दोस्तों के साथ पार्टी के लिए घर से निकला था। देर शाम तक लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और दोस्तों भारत और बॉबी पर अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की।

लापता होने के चार दिन बाद पुलिस ने दोस्तों की तलाश कर घटना का खुलासा किया।

आरोपी भारत और बॉबी ने पूछताछ में बताया कि कार की चाबी को लेकर हुई मामूली बहस के कारण उन्होंने मनीष की हत्या की। घटना के बाद आरोपी अपने फोन बंद कर रिश्तेदारी में भाग गए थे।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अंतिम जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों को सख्त सजा दिलाने की कार्रवाई पूरी की जाएगी।

# पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुकुल बैंसला का शानदार प्रदर्शन

## करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने किया सम्मानित

**बिलासपुर।** पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुकुल बैंसला ने शनिवार को मलकपुर स्टेडियम में आयोजित खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

मुकुल ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता में शानदार प्रभुत्व दिखाया।



तीनों स्पर्धाओं में बेहतरीन गति और मजबूत खेल कौशल के दम पर मुकुल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया ,जिसके लिए करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने उसे रविवार को उसके पैतृक गांव झालडा में पगड़ी बांधकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने कहा कि मुकुल जैसे खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणा हैं, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद निरंतर आगे बढ़ने का संदेश देते हैं। प्रवीण भारतीय ने बताया कि रविवार को संगठन के कार्यकर्ताओं ने उनके घर जाकर मुकुल को पगड़ी बांधकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मान के दौरान मुकुल ने परिवार और समर्थकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देगा। ग्रामीणों ने मुकुल की सफलता पर खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पैरा एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल जीतने पर मुकुल बैंसला अब आगामी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी में जुट गए हैं।

इस दौरान प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर, जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान,रिंकू बैंसला, कृष्ण नागर, ओमप्रकाश बैंसला, पैमी बैंसला आदि लोग मौजूद रहे।

## घर लौट रहे चालक को घेरकर पीटा

**नोएडा।** बरौला गांव में घर लौट रहे ई-रिक्शा चालक को कुछ लोगों ने घेरकर पीट दिया। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-49 थाने में दी शिकायत में सलारपुर गांव निवासी अमन ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाते हैं। वह 16 नवंबर की रात ई-रिक्शा चलाकर घर लौट रहे थे। बरौला में पिलर संख्या-70 के पास तीन चार लोग खड़े मिले। वे सभी मिलकर अमन के साथ गाली-गलौज और अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट की। हाथ और कोहनी की हड्डी तोड़ दी। आरोपियों ने झपटमारी कर पीड़ित का मोबाइल भी छीनने का प्रयास किया।ई-रिक्शा चालक के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इस दौरान आरोपी भाग गए। राहगीरों ने घायल चालक को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद घायल चालक ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

# बीओटी पर बनेगा गोलचक्कर पर स्काईवॉक

- 12 दिसंबर को खोली जाएगी बिड, 15 करोड़ किए जाएंगे खर्च, जाम और दुर्घटना से मिलेगी राहत



**नोएडा।** नोएडा के गोलचक्कर पर बनने वाला स्काईवॉक बिल्ट आपरेट एंड ट्रांसफर (बीओटी) के आधार पर बनाया जाएगा। इसके लिए एक फिर से टेंडर जारी किया गया है। 12 दिसंबर को बिड ओपन की जाएगी। लो कास्ट कंपनी का चयन किया जाएगा। निर्माण कार्य छह महीने में करना होगा। कंपनी को विज्ञापन को राइट्स दिया जाएगा। ताकि वो लागत निकाल सके। इसके निर्माण में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

दिल्ली से हैवी ट्रैफिक नोएडा गोलचक्कर (सेक्टर-1,2,14,15) होकर जाता है। ज्यादा संख्या पैदल मुसाफिरों की होती है। पीक आवर में पैदल मुसाफिरों को दिक्कत होती है। इससे जाम लगता है। सड़क दुर्घटना न हो इसके लिए यहां स्काई वॉक बनाया जाएगा। ये स्काई वॉक सेक्टर-15, सेक्टर-03 और इंडियन ऑयल क्रासिंग को जोड़ते हुए बनेगा। लोग सड़क पार करने के लिए इस स्काई वॉक का प्रयोग करेंगे।

स्काई वॉक में दोनों और स्वचालित सीढ़ियां बनाई जाएंगी। इसके अलावा दिव्यांगों के लिए लिफ्ट भी रहेगी। इसके निर्माण में कितना खर्च आएगा डीपीआर बनने के बाद तय किया जाएगा। इसके बनने से नोएडा गोलचक्कर पर पैडिस्ट्रैन के कारण लगने वाला जाम समाप्त हो जाएगा। साथ ही यहां होने वाली दुर्घटनाएं भी कम हो जाएंगी।

## नोएडा में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की बैठक

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रविवार को नोएडा सेक्टर-116 स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अहम समीक्षा बैठक की। यह बैठक विशेष रूप से निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे 'एसआईआर' (संक्षिप्त पुनरीक्षण) प्रक्रिया को लेकर आयोजित की गई थी। डिप्टी सीएम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार भाजपा कार्यकर्ता बूथों और गलियों में जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। उनका कहना था कि पार्टी का लक्ष्य निष्पक्ष, सटीक और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने में प्रशासन का सहयोग करना है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता लगातार एसआईआर के तहत फॉर्म भरवाने, दस्तावेज़ जुटाने और मतदाता सूची से जुड़ी प्रक्रियाओं में स्थानीय लोगों की मदद कर रहे हैं। पाठक ने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर मतदाता सत्यापन और संशोधन कार्य समय पर पूरा करना होगा। बैठक में गौतम बुद्ध नगर के जनप्रतिनिधियों सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। डिप्टी सीएम ने सभी को निर्देश दिया कि वे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान जनता के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखें और मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने में योगदान दें।

# ग्रेटर नोएडा में बाइक सवार बीटेक स्टूडेंट की मौत

## हेलमेट और सिर हो गया चकनाचूर, गलगोटिया यूनिवर्सिटी में कर रहा था पढ़ाई

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर रविवार सुबह एक सड़क हादसे में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के बीटेक छात्र की मौत हो गई। छात्र अपनी बाइक से जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्र का हेलमेट चकनाचूर हो गया और सिर कुचल गया। युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



सूचना मिलते ही दनकौर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि हादसा किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ है।


### युवक की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल

युवक की पहचान जेवर कोतवाली क्षेत्र के ढूंढेरा गांव के रहने वाले विवेक शर्मा (22) के रूप में हुई है। विवेक गलगोटिया यूनिवर्सिटी में बीटेक फर्स्ट ईयर में पढ़ता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा सके। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर आरोपी चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# कंपनी के वित्त प्रमुख समेत छह पर केस दर्ज

**नोएडा।** महिला कर्मचारी ने नामी कंपनी के पदाधिकारियों समेत अन्य पर नौकरी से निकालने की धमकी देने और मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों से जल्द पूछताछ करेगी। गाजियाबाद के इंदिरापुरम की रहने वाली महिला ने बताया कि करीब 12 साल पहले 2013 में उसने एक नामी कंपनी में वित्तीय विश्लेषक के पद पर नौकरी शुरू की। संबंधित कंपनी का बाद में एक अन्य कंपनी में विलय हो गया। एक सितंबर 2018 को महिला और उसके साथियों को दूसरी कंपनी में नियुक्त कर लिया गया।




महिला के कुछ साथियों को उसी दिन पुरानी कंपनी में भी फिर से शामिल किया गया। महिला का आरोप है कि कंपनी का वित्त प्रमुख वर्ष 2019 से उस पर बुरी नजर रखता है। वह अश्लील टिप्पणी और अभद्र इशारे करता है। उसने प्रमोशन के बदले यौन अनुग्रह की मांग की। महिला के विरोध करने पर उसने माफी मांगी और पुलिस और प्रबंधन से शिकायत न करने का दबाव बनवाया। आरोप है कि वित्त प्रमुख कंपनी में काम करने वाली अन्य महिलाओं पर भी गंदी नजर रखता है। जो लड़कियां उसकी बात मान लेती हैं, उन्हें प्रमोशन भी मिल जाता है। महिला का आरोप है कि वित्त प्रमुख ने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर साजिश रची और जानबूझकर उसे गलत टीम में भेजा। उसे मातृत्व अवकाश से वंचित रखा। अत्यधिक कार्यभार दिया और समय से लक्ष्य पूरा न होने पर कंपनी से बाहर निकालने की धमकी दी। वित्त प्रमुख और उसके सहयोगियों पर शिकायतकर्ता ने महिला संबंधी निजी समस्याओं का सार्वजनिक मजाक बनाने का भी आरोप लगाया है।

## आत्महत्या को उकसाने के आरोपी की जमानत खारिज

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने शारीरिक शोषण और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में अभिप्रय सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर दी। आरोपी पर अपनी लॉ फर्म में काम करने वाली युवती को उकसाने का आरोप है। वर्ष 2024 में एलएलबी पास करने के बाद युवती दिल्ली स्थित आरोपी की लॉ फर्म में कार्यरत थी। आरोप है कि आरोपी करीब एक वर्ष तक युवती को शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाता रहा और उसके वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहा था। युवती के परिवार ने यह भी आशंका जताई है कि वह गर्भवती थी और पहले भी उसे गर्भपात की दवाइयां दी गई थीं।

# गौड़ सिटी-1 में अवैध रूप से पार्किंग संचालन का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौड़ सिटी-1 टाउनशिप के अंदर बनी सड़क पर अवैध तरीके से पार्किंग संचालन और शुल्क लेने का निवासियों ने आरोप लगाया है। लोगों का कहना है इसको लेकर बिल्डर प्रबंधन से शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। सोसाइटी में रहने वाले योगेश और अमरजीत ने बताया कि परिसर में अस्पताल सहित कई व्यावसायिक संस्थान हैं, जिनके संचालकों द्वारा उनके परियोजनाओं के सामने बनी सड़क पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। सड़क पर ही अवैध रूप से पार्किंग बना दी गई है। यहां पर वाहनों को खड़ा करने के लिए रुपये लिए जाते हैं, जो कि सरासर गलत है।यह सड़क लोगों की सुविधाओं के लिए बनाई गई है, जिस पर पार्किंग बना दी गई है। वहीं, इसके लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई है। ऐसे में अधिक वाहनों के सड़क पर खड़ा होने से सुबह और शाम के समय जाम लगने की स्थिति बन जाती है और लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा में संपत्ति विवाद में बुजुर्ग मां को पीटा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में संपत्ति विवाद को लेकर बुजुर्ग मां पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने बेटे और बहू को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को रविवार को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पीड़ित महिला ने करीब एक महीने पहले उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। कस्बे के प्रेमपुरी मोहल्ला निवासी बुजुर्ग महिला रेखा ने 12 नवंबर को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि संपत्ति के विवाद को लेकर उनके बेटे आकाश और बहू रीता ने बहू के पिता रोहताश और भाई धीरज के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की थी ।शिकायत के अनुसार, बहू रीता ने ईंट से हमला कर पीड़ित रेखा को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस हमले के बाद रेखा को कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहकर इलाज कराना पड़ा था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसी आधार पर पुलिस ने रविवार को आरोपी बेटा आकाश और बहू रीता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## तेज रफ्तार हाइवा की टक्कर से अधिवक्ता की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार हाइवा की टक्कर से बाइक सवार अधिवक्ता की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली अंतर्गत वैदपुरा निवासी 40 वर्षीय अधिवक्ता अमित किसी काम से घर से बाइक पर निकले थे। सूरजपुर क्षेत्र में भट्टा गोलचक्कर के पास तेज रफ्तार हाइवा ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वकीलों ने हादसे के लिए भारी वाहनों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है ।घटना के बाद मृतक के घर में मातम पसरा हुआ है। अमित अपने पीछे दो नाबालिग बेटे छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों ने पुलिस से भट्टा गोलचक्कर पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हाइवा कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हार्ट बीट सिटी सोसाइटी में क्लब हाउस का शुभारंभ

**नोएडा।** सेक्टर-107 स्थित हार्ट बीट सिटी सोसाइटी में क्लब हाउस कम कम्युनिटी सेंटर की रविवार से शुरुआत हुई। रविवार को इसका शुभारंभ भारत के अटॉर्नी जनरल और उच्चतम न्यायालय की तरफ से आमप्राली परियोजना के नियुक्त कोर्ट रिसीवर आर वेंकटरमणी ने किया। यह क्लब हाउस 5200 वर्ग मीटर में बनाया गया है। यह भूतल के अलावा दो मंजिला भवन बनाया हुआ है। इसमें 400 वर्ग मीटर में कम्युनिटी हॉल, स्क्वैश कोर्ट, क्रेच, रसोईघर, मल्टी पर्पज हॉल बनाया गया है। प्रथम तल पर एक जिम, योग और एरोबिक्स के अभ्यास एक कमरा है। द्वितीय तल पर छह गेस्ट रूम, लाइब्रेरी, इनडोर गेम्स एरिया, रिसेप्शन, किचन कम रेस्टोरेंट आदि सुविधाएं हैं ।इसके शुभारंभ के मौके पर कोर्ट कमेटी के सदस्य रवि भाटिया, डीके मिश्रा, केपी महादेवस्वामी, एनबीसीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक केपी महादेवस्वामी और हार्ट बीट सिटी अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शहर में सात स्थानों पर रैन बसेरे बनेंगे

**नोएडा।** सर्दी बढ़ने के साथ ही नोएडा प्राधिकरण ने शहर में रैन बसेरे व अलाव जलवाने का निर्णय लिया है। शहर में 7 जगह रैन बसेरे व 55 जगह अलाव जलाए जाएंगे। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि यह व्यवस्था बुधवार यानि 10 दिसंबर से शुरू हो जाएगी। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि शहर को सिविल के हिसाब से 1 से 10 वर्क सर्किल क्षेत्र में बांटा गया है। रैन बसेरे व अलाव की व्यवस्था सभी वर्क सर्किल क्षेत्र में की जाएगी। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम विजय रावल ने सभी वर्क सर्किल को निर्देश जारी कर दिए हैं ।डीजीएम विजय रावल ने बताया कि रैन बसेरों में बिस्तर साफ-सफाई, बिजली एवं पानी सहित हर जरुरी सुविधा प्राधिकरण की तरफ से की जाएगी। व्यवस्थाएं सही चल रही हैं या नहीं, बीच-बीच में इसका जायजा भी लिया जाएगा। डीजीएम ने लोगों से अपील की है कि वह आसपास मौजूद बेसहारा लोगों को रैने बसेरे तक पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि वर्क सर्किल-1 में सबसे ज्यादा 11 जगह अलाव जलवाए जाएंगे।

## ग्रेनो के बाजारों से अब रात में भी कूड़ा उठेगा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बाजारों से अब रात में भी कूड़ा उठाया जाएगा। प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को जगत फार्म बाजार से इस विशेष सफाई अभियान की शुरूआत कर दी है। इस प्रयोग के सफल होने पर सभी प्रमुख बाजारों से भी रात भी कूड़ा उठाया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग टीमें गठित की जाएंगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। कूड़े के निस्तारण के साथ रात में भी कूड़ा उठाने की पहल की शुरू की गई है। अभी दिन के समय ही कूड़ा उठाया जाता है ।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जगत मार्केट एसोसिएशन व दुकानदारों के सहयोग से बाजार में रात के समय कूड़ा उठाने का कार्य शुरू कर दिया है,जो नियमित रूप से किया जाएगा। सहायक प्रबंधक गौरव बघेल ने बताया कि यह पहल सीईओ के निर्देश पर शुरू की गई है। अगर यह प्रयोग सफल रहा तो ग्रेटर नोएडा की अन्य प्रमुख बाजारों सेक्टर अल्फा-1 कमर्शियल बेल्ट, अल्फा-2, तुगलपुर, सूरजपुर आदि बाजारों में भी इसे लागू किया जाएगा।

## 100 तरह के फूलों से महका सेक्टर

**नोएडा।** सेक्टर-आठ में चल रही पुष्प प्रदर्शनी के अंतिम दिन रविवार को चार हजार से अधिक लोग पहुंचे। प्रदर्शनी में इस वर्ष 100 से अधिक तरह के फूल प्रदर्शित किए गए। इस दौरान प्रदर्शनी देखने आए दर्शक काफी उत्साहित दिखाए दिए और उन्होंने परिवार को साथ सेल्फी और तस्वीरें लीं। इस बार प्रदर्शित किस्मों में स्पून स्पाइडर सबसे ज्यादा आकर्षण केंद्र रही। नर्सरी के हार्टिकल्चर सुपरवाइजर नरेंद्र चौधरी ने बताया कि गुलदाउदी के पौधे को तैयार करने में लगभग आठ महीने का समय लगता है, पौधे कटिंग करके लगाए जाते हैं और उनकी जरूरत के अनुसार पानी और खाद मात्रा के अनुसार दी जाती है ।उन्होंने बताया कि पौधों की मिट्टी को भी विशेष रूप से तैयार किया जाता है, जिसमें गोबर की खाद, बोनमील, निम्खली, सुपर फास्ट, फेस और यूरिया जैसे पोषक तत्व मिलाए जाते हैं। इनकी मात्रा संतुलित रखी जाती है ताकि पौधा मजबूत बने और फूलों का आकार बड़ा हो। पौधों को विशेष तौर पर बारिश के पानी से बचाया जाता है, क्योंकि अधिक नमी से पौधों की जड़ें सड़ सकती हैं। वहीं कीड़ों से बचाव के लिए 4-5 प्रकार के केमिकल्स निर्धारित अंतराल पर स्प्रे किए जाते हैं।

## घरों में चोरी करने वाले गिरोह के बदमाश दबोचे

**नोएडा।** सेक्टर-49 थाने की पुलिस ने रेकी कर घरों में चोरी करने वाले गिरोह का रविवार को पर्दाफाश कर सरगना और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से चोरी का सामान बरामद हुआ है। एसीपी ट्विंकल जैन ने बताया कि बीते दिनों थाना क्षेत्र स्थित एक घर से बदमाशों ने गहने समेत अन्य सामान चुराया था। पीड़ित ने मामले की शिकायत संबंधित थाने में दी थी। इसके बाद थाना प्रभारी की अगुवाई में गिरोह के बदमाशों को दबोचने के लिए एक टीम गठित की गई। टीम को रविवार को सूचना मिली कि बदमाश फिर से वारदात करने की फिराक में हैं ।इसके बाद पुलिस ने घेरेबंदी कर गिरोह के तीन सदस्यों को दबोच लिया। बदमाशों की पहचान हापुड़ के पिलखुआ निवासी चरण सिंह उर्फ चन्ना, मयंक शर्मा और मनीष गिरी के रूप में हुई है। मनीष 22 साल का है, जबकि चरण सिंह की उम्र 26 और मयंक शर्मा की 25 साल है। सभी आठवीं से दसवीं तक पढ़े हैं। चन्ना गिरोह का सरगना है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 08 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in

# देर रात सड़क हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की दर्दनाक मौत

## बाइक पर लौट रहे साथी पर त्वरित रफ्तार से टकराया अज्ञात वाहन

**बीसलपुर।** देर रात बीसलपुर-बरेली मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों को शोक में डुबो दिया। ग्राम गोवल पतिपुरा निवासी अरविंद (35) और उसके साथी सेवाराम (28) देर रात्रि बाइक से बीसलपुर से अपने गांव लौट रहे थे, तभी ईंट भट्टे के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी।



टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहाँ डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर खड़ी बाइक, टूटी हुई चश्मदीद वस्तुएँ और फैली हुयी खून की धार देखकर स्थानीय लोग सहम गए। मृतकों के परिजन हादसे की जानकारी पाते ही घटनास्थल पर पहुंचकर हाहाकार कर उठे।पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पंचनामा भरते हुए जाँच आरंभ कर दी है। प्रथम दृष्टया टक्कर इतने तेज थी कि बाइक सवारों को बचाने का कोई मौका नहीं मिल सका।

थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर कोई पहचान योग्य वाहन नहीं रुका और न ही घटना के समय कोई स्पष्ट गवाह सामने आया; इसलिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और मार्ग पर मौजूद दुकानदारों तथा राहगीरों के बयान लेने में जुटी है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि उक्त स्थान रात में अँधेरा पड़ने पर खतरनाक माना जाता है क्योंकि सड़क के किनारे ईंट भट्टे और संकरे मोड़ के कारण गाड़ियों की नजर कम रहती है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निवासियों ने क्षेत्रीय प्रशासन से उस हिस्से पर आवश्यक संकेतक तथा रात में प्रकाश व गश्त बढ़ाने की मांग दोहराई है। मृतकों के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है; गांव में शोक और गम का माहौल पसरा हुआ है।

### एसटीएफ का फर्जी नोटिस भेजकर 15 लाख की वसूली

**प्रयागराज।** प्रयागराज के बमरौली में फर्जी एसटीएफ नोटिस भेजकर 15 लाख रुपये की अवैध वसूली का मामला सामने आया है। आरोप है कि घर में घुसकर पीड़ित को घायल करने और मोबाइल कब्जे में लेकर एसटीएफ के नाम से एनकाउंटर करने की भी धमकी दी गई। पीड़ित मो. मिया उर्फ शेरू ने थाने में सुनवाई नहीं होने पर कोर्ट में गुहार लगाई और अब कोर्ट के आदेश पर इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। शिकायत में विपक्षी महिला लूसी सिद्दीकी तथा उसके पति जफर नईम पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित ने बताया कि 19 जून को उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर एक नोटिस भेजा गया, जिसमें उसे, सुफियान अहमद और अलकमा बानो को एसटीएफ द्वारा मुलजिम बताया गया था। यह संदेश देखकर प्रार्थी घबरा गया। जांच की कोशिश के दौरान उसकी रिश्तेदार लूसी सिद्दीकी ने उसे अपने घर बुलाकर समझाने के नाम पर गुमराह किया और डराकर घर में रोक लिया।

# देवहा नदी से मिला शव परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

▸ पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** देवहा नदी किनारे मिले युवक के शव के मामले ने इलाके में सनसनी फैला दी है। भगवन्तपुर करोड़ निवासी विकास सिंह उर्फ कुनाल सिंह का शव नदी में पाया गया। परिजन की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाशी शुरू कर दी है।घटना के संबंध में मृतक के दादा बलराम सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका पौत्र सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर खेत पर गन्ना भरने गया था।

कुछ लोगों के एक समूह द्वारा उसे पकड़ लिया गया, फायरिंग की गई और अंत में नदी में फेंक कर उसकी हत्या कर दी गई यह आरोप काफी भयानक और गंभीर हैं। दादा की तहरीर में कुछ व्यक्तियों के नाम व घटनास्थल से जुड़े कथन दिए गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि तहरीर की जांच के साथ ही टीम घटनास्थल, पास के घरों और गवाहों से पूछताछ कर रही है।

यदि आवश्यक साक्ष्य मिलते हैं तो गिरफ्तारी की जाएंगी और मामले को न्यायालय में स्थान दिलाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

स्थानीय लोग इस घटना को लेकर चिंतित व व्यथित हैं क्योंकि जमीनी विवादों के चलते खूनी घटनाएँ क्षेत्र में भय की भावना पैदा कर देती हैं। समुदाय ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वह शीघ्रतापूर्वक मामले की निष्पक्ष और तेज़ जाँच कराकर दोषियों को पकड़ें ताकि क्षेत्र में शांति बहाल रहे और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# शार्ट न्यूज

## आबकारी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई- अवैध देशी शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

### ग्राम सौंधा गोटिया में छापेमारी 20 क्वार्टर अवैध शराब बरामद

**बीसलपुर।** आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम सौंधा गोटिया में की गई कार्रवाई में उमेश पुत्र झाझनलाल के घर से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद की। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति अवैध शराब का भंडारण व बिक्री की तैयारी कर रहा है। टीम ने तत्काल छापेमारी कर शराब व संबंधित सामग्री जब्त कर ली और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ सतत निगरानी रखी जा रही है और यह कार्रवाई उसी के क्रम में की गई है। गिरफ्तार आरोपी को विधिक प्रक्रियाओं के अनुसार आगे की कार्रवाई के लिए तलब किया गया है।स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि अवैध शराब से जुड़ी घटनाएँ सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बढ़ाती हैं; इसलिए ऐसे प्रतिबंधात्मक कदम आवश्यक हैं। पुलिस ने जनता से सहयोग माँगा और कहा कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने पर कार्रवाई तेज़ की जाएगी।

## घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण पकड़ में आया खाद्य अधिकारी व पुलिस की छापेमारी

**बीसलपुर।** क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने मोहल्ला ग्यासपुर में छापेमारी कर एक मकान के अंदर अवैध रूप से रखे गए 20 घरेलू गैस सिलेंडरों को बरामद किया। पुलिस टीम के साथ किए गए इस ऑपरेशन में 15 खाली और 5 भरे हुए सिलेंडर मिले। बरामद सिलेंडरों में 13 भारत गैस व 2 इंडेन के खाली सिलेंडर शामिल बताए गए।अवैध भंडारण पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सिलेंडर बीसलपुर गैस सर्विस के सुपुर्द कर दिए गए हैं। खाद्य विभाग व पुलिस का कहना है कि ऐसे अवैध भंडारण से प्रतिस्पर्धा बाजार व्यवधानित होता है तथा आपात स्थिति में सुरक्षा खतरे भी पैदा हो सकते हैं। वह व्यक्ति जिसने सिलेंडरों का भंडारण किया था, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाइयाँ प्रारंभ कर दी गई हैं।स्थानीय लोगों ने कहा कि घरेलू गैस की कालाबाजारी और भंडारण की घटनाएँ समय-समय पर सामने आती रहती हैं; इसलिए विभागीय निगरानी व सख्ती की आवश्यकता बनी रहती है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि ऐसे मामलों की जाँच जारी रहेगी और संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## युवती पर ब्लेड हमला करने वाले 2 गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में युवती पर ब्लेड से हमला मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना कटरा कोतवाली क्षेत्र में हुई थी। मुख्य आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। घटना शुक्रवार को कटरा कोतवाली क्षेत्र के गणेशगंज मोहल्ले में हुई थी। डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि एक युवती पर ब्लेड से हमला कर उसे घायल कर दिया गया है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर कटरा कोतवाली थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराएं भी शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर इस मामले की जांच के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई थीं। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रविवार को इस घटना की साजिश में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान ईलू उर्फ इरशाद (निवासी नागकुण्ड कंतित, थाना विन्ध्याचल) और मो. राजू (निवासी कचहरी, थाना कैंट, वाराणसी) के रूप में हुई है।

## संभल में दहेज के लिए विवाहिता की मौत

**संभल।** संभल में दहेज के लिए एक विवाहिता को जहर देने का मामला सामने आया है। मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। यह घटना संभल जनपद के थाना नखासा क्षेत्र के गांव तुर्तीपुर इल्हा की है। मृतका की पहचान शाईस्ता पत्नी नदीम के रूप में हुई है। उसने मध्यरात्रि लगभग 2 बजे दम तोड़ दिया। शाईस्ता का निकाह एक साल पहले 24 नवंबर 2024 को नदीम पुत्र भूरा निवासी गांव छछेरा, थाना हजरतनगर गढ़ी से हुआ था। शादी के बाद से दोनों किराए के मकान में अलग रह रहे थे। मृतका के भाई सलमान अली पुत्र शमशाद अली निवासी बुध बाजार, पाक़बड़ा, मुरादाबाद ने थाना नखासा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार शादी में 30 लाख रुपये खर्च किए थे। 4 दिसंबर 2025 की सुबह 4: 30 बजे शाईस्ता ने फोन कर बताया कि ससुराल वालों ने पति नदीम के साथ मिलकर उसे जबरदस्ती जहर पिला दिया है। इसी दौरान फोन कट गया।

## मेरठ में पुलिस मुठभेड़, बदमाश घायल

**मेरठ।** मेरठ के लिसाड़ी गेट क्षेत्र में रविवार रात पुलिस और स्वाट टीम की चेकिंग के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। लिसाड़ी गेट पुलिस और स्वाट टीम मदीना कॉलोनी फेस-2 के पास संयुक्त चेकिंग अभियान चला रही थी। रविवार की रात करीब 10: 30 बजे एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रोकने का प्रयास किया गया। युवक ने बाइक मोड़कर पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई, जिसमें बदमाश के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान फखरुद्दीन उर्फ फकरु पुत्र यूनुस, निवासी ग्राम सिखेड़ा, थाना इंचोली के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, बदमाश फकरु के खिलाफ लूट, मारपीट और अवैध हथियारों की तस्करी के 16 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक नेटवर्क और हाल की गतिविधियों के बारे में भी पड़ताल कर रही है।

## बहन की सगाई में जा रहे तीन भाइयों की मौत

मथुरा। मथुरा में तीन चचेरे भाइयों की नहर में डूबकर मौत हो गई। तीनों एक बाइक पर सवार होकर बहन की सगाई में जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक राधाकुंड नहर के पास बेकाबू हो गई। इससे वे बाइक समेत नहर में जा गिरे। यह देख स्थानीय गोताखोर नहर में कूदे। लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण तीनों पानी में डूब गए और उनकी मौत हो गई। हादसा गोवर्धन थाना क्षेत्र में करीब 8 बजे का है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शवों को नहर से बाहर निकलवाया। जेसीबी से युवकों की बाइक निकाली गई। एक साथ तीन मौतों से परिवार में कोहराम मच गया है। सगाई में गए परिवार के कुछ सदस्य वापस लौट आए हैं। शवों को टेंपो में लादकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। परिवारीजन बिलख रहे थे। मृतकों की शिनाख्त कन्हैया पुत्र अमरचंद, अंकुश पुत्र राजवीर और प्रवीण पुत्र मुकेश के तौर पर हुई। सभी महोली क्षेत्र में मासूम नगर के रहने वाले थे। उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच थी। जानकारी के अनुसार, राधाकुंड में पुलिस चौकी के सामने रहने वाले राहुल कुमार तंवर की मासूमनगर की ममता के साथ 11 दिसंबर को शादी तय है। रविवार को ममता के परिजन राहुल की सगाई करने पहुंचे थे।

# दहेज उत्पीड़न का सख्त मामला : 25 लाख और कार की मांग के बाद विवाहिता बेघर

## चार साल के बाद दहेज की मांग तेज शिकायत पर पति, ससुर-सास व रिश्तेदारों के विरुद्ध मुकदमा

**बीसलपुर।** दहेज के नाम पर किए जा रहे उत्पीड़न का एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जिसमें विवाहिता ने आरोप लगाते हुए सात लोगों के ख़िलाफ़ थाने में तहरीर दी और पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिकायतकर्ता के अनुसार शादी साढ़े चार साल पहले हुई थी और शुरुआती दिनों में सबकुछ सामान्य लगा, परन्तु समय के साथ ससुराल पक्ष की मांगें बढ़ती चली गईं।दयावती वर्मा (पति का नाम दिनेश वर्मा) की तहरीर में कहा गया है कि शादी के समय उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार खर्च किया, पर उसके बाद पति व ससुराल वाले 25 लाख रुपये तथा एक कार की मांग करते रहे। इस मांग के न होने पर विवाहिता पर शारीरिक प्रताड़ना, मानसिक दबाव और अपमानजनक व्यवहार किया गया। आरोप है कि पति ने उसे अपमानित कर बाइक से बीसलपुर छोड़ दिया और वापस न लौटने की स्थिति में जान से मारने की धमकी दी।विवाहिता के परिजनों ने भी मामले में हस्तक्षेप कर ससुराल पक्ष से समझौते की कोशिश की, पर आरोपियों के रवैये में कोई बदलाव नहीं आया। विवाहिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति, ससुर, सास, ननद और कुछ रिश्तेदारों के खिलाफ दहेज व प्रताड़ना के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपों की जांच की जा रही है और आवश्यक चार्जशीट व गिरफ्तारी कार्यवाही की जाएगी यदि सबूत मिले।

ग्रामीण समाज इस तरह के मामलों पर संवेदनशील है और ऐसे मामलों में पीड़िताओं को सुरक्षा देने की मांग जोर पकड़ रही है। महिलाओं के अधिकारों के लिए कार्यरत संस्थाओं ने भी कहा कि पीड़िता को मनोवैज्ञानिक व कानूनी सहायता दी जानी चाहिए और मामले का निष्पक्ष तरीके से निपटारा होना आवश्यक है।

# प्रेमी ने महिला की सिर पर वार कर की हत्या, गांव में दहशत

**पीलीभीत।** माधोटांडा थाना क्षेत्र के पुरैना गांव में रविवार सुबह एक 44 वर्षीय महिला की हत्या से सनसनी फैल गई। महिला का शव घर के अंदर खून से लथपथ पड़ा मिला। घटना के बाद आरोपी प्रेमी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की हैं।जानकारी के अनुसार, मृतका मंजीत कौर अपने पति की मृत्यु के बाद अकेली रहती थीं। उनके तीन पुत्र और एक पुत्री है। दो पुत्र कानपुर में रहते हैं, जबकि छोटा पुत्र अपनी बहन के साथ पंजाब में है। मंजीत के संपर्क में पिछले तीन साल से मुकेश नामक युवक था, जो रविवार सुबह करीब आठ बजे मंजीत के घर आया और धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से मंजीत की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही सीओ प्रतीक दहिया और थाना प्रभारी अशोक पाल सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। पुलिस के अनुसार आरोपी की तलाश के लिए कई जगह दबिश दी जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद है।




ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना पूरी तरह से घरेलू विवाद और प्रेम संबंध में तनाव के चलते हुई है। गांव में हत्या की खबर फैलते ही लोग दहशत में आ गए। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान सभी सुरागों को एकत्र किया जा रहा है और अपराधी को जल्द कानून के शिकंजे में लाने का प्रयास जारी है।पीलीभीत के माधोटांडा क्षेत्र में यह वारदात यह याद दिलाती है कि प्रेम संबंध में उत्पन्न तनाव किस हद तक गंभीर रूप ले सकता है। ग्रामीण और परिवारजन पुलिस से आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## महाराजा खेत सिंह जूदेव की जयंती मनाई जाने के लिये किया गया मीटिंग का आयोजन

**ललितपुर।** इलाइट चौराहा के पास स्थित शिव मंदिर पर 27 दिसम्बर को महाराजा खेत सिंह जूदेव की जयंती खंगार क्षत्रिय समाज के बेनर तले शिव मन्दिर पर बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ मनाई जाने के लिये दिन रविवार को शिव मंदिर पर मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग में खंगार क्षत्रिय समाज बन्धुओ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के लिये रुपरेखा तैयार की गई और मीटिंग में खंगार क्षत्रिय समाज बन्धुओं ने अपने अपने विचार रखे मीटिंग की अध्यक्षता कन्छेदी लाल दादा ने की व मीटिंग का भव्य संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय महासभा के शिवम् सिंह परिहार ने किया मीटिंग में कन्छेदी लाल दादा बिरधा,शिवम् सिंह परिहार इलाइट,ईन्जीनियर सनत सिंह परिहार इलाइट, ठाकुर कुवंर अजीत प्रताप सिंह ललितपुर,प्रमोद परिहार ललितपुर,देव सिंह परिहार कैलगुवा, गनेश परिहार भैसाई,मनीष परिहार गांधीनगर, मुन्नालाल वंशीपुरा,मथुरा परिहार भैसाई ,शक्ति परिहार ललितपुर,पारस परिहार ललितपुर,मनीष परिहार ललितपुर, बलबीर परिहार मसौरा ,ओमप्रकाश ललितपुर ,रोहित ललितपुर,अनिल ललितपुर ,अरविन्द परिहार सतरवास,सुनील परिहार मड़ावरा,राजा सिंह,कल्यान सिंह,अकाश महेशपुरा,अरुण महेशपुरा ,विकास परिहार वंशीपुरा,महेश सिंह धवा,भैयन खंगार प्रधान जी छपरट,देवेन्द्र राय के अलावा अनेक लोग उपस्थित रहे ।

## इंस्पेक्टर की मौत में महिला सिपाही गिरफ्तार

**जालौन।** यूपी के जालौन में इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय की मौत मामले में महिला सिपाही मीनाक्षी शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उसे रविवार को कोर्ट ले गई, जहां से 14 दिन के लिए उरई जेल भेज दिया गया। पुलिस ने महिला सिपाही को देर शाम जेल में दाखिल करा दिया। वहीं, कोर्ट जाने के दौरान महिला सिपाही ट्रैक सूट पहने थी और चेहरे पर रुमाल बांध रखा था। पुलिस महिला सिपाही को शनिवार से ही कस्टडी में लिए थी। पुलिस अफसर लगातार उससे पूछताछ कर रहे थे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, महिला सिपाही कुछ सवालों का सही से जवाब नहीं दे पाई। रविवार दोपहर पुलिस टीम प्राइवेट कार से मीनाक्षी को मेडिकल कराने के लिए कुठौंद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई थी। महिला सिपाही मीनाक्षी शर्मा उस समय इंस्पेक्टर अरुण के कमरे में थी, जब उनकी मौत हुई। इसके बाद इंस्पेक्टर अरुण की पत्नी माया राय ने मीनाक्षी शर्मा पर हत्या करने या करवाने की एफआईआर कराई थी। हालांकि, इंस्पेक्टर अरुण की मौत की गुत्थी अभी सुलझ नहीं पाई है। शुरुआत में मामला महिला सिपाही मीनाक्षी शर्मा की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर सुसाइड का बताया जा रहा था। इंस्पेक्टर का शव मच्छरदानी के अंदर मिला और 9 एमएम पिस्टल से चली गोली भी कमरे से मिली। वह दीवार में धंसी थी। हालांकि, शुरुआती जांच इशारा कर रही है कि महिला सिपाही को कमरे में देखते ही इंस्पेक्टर ने खुद को गोली मार ली। मीनाक्षी सिर्फ 3 मिनट में थाने में आई और भाग गई। इसी के चलते पुलिस ने मीनाक्षी को कल ही हिरासत में ले लिया था।

# रिजर्व पुलिस लाइन ललितपुर में वामा वेलनेस कैंप का सफल आयोजन

### स्वास्थ्य, सुरक्षा और सहयोग- वामा सारथी के साथ

**ललितपुर।** पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश वामा सारथी के तत्वाधान में तथा पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में आयुष विभाग उ.प्र. के सहयोग से वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन रिज़र्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर परिसर पर किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ अधिकारियों एवं वामा सारथी की प्रतिनिधि टीम द्वारा किया गया । कैंप का उद्देश्य पुलिस कर्मियों, महिला कार्मिकों तथा उनके परिवारों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक



स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु आयुष पद्धति आधारित उपचार, परामर्श एवं जागरूकता सेवाएँ प्रदान करना रहा ।कैंप में उपलब्ध सेवाएँ आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श, योग एवं प्राणायाम सत्र तनाव-नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्कशॉप नाड़ी परीक्षण एवं हर्बल मेडिसिन वितरण पुलिस कर्मियों के लिए विशेष हेल्थ-चेकअप महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सत्र कैंप में ललितपुर पुलिस के बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारीगण एवं उनके परिवारीजन द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया । प्रतिभागियों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं । जनपद ललितपुर की वामा सारथी की अध्यक्षा श्रीमती ललिता कुमारी ने वामा सारथी की इस पहल को पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वेलनेस कैम्प पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं, और आगे भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे कि ललितपुर पुलिस के प्रत्येक पुलिस अधि0/कर्म0गण तथा उसके परिवार को स्वस्थ, सशक्त, सुरक्षित किया जा सके ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए वामा सारथी, आयुष विभाग उ.प्र. चिकित्सा विशेषज्ञों, पुलिस लाइन प्रशासन एवं समस्त प्रतिभागियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत ललितपुर पुलिस ने छात्राओं/महिलाओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें ।



## झांसी में दोस्त को बचाने में 7वीं का छात्र डूबा

**झांसी।** झांसी में रविवार शाम तालाब में डूब रहे दोस्त को बचाने के लिए 7वीं कक्षा का एक छात्र पानी में कूद गया। दोनों तैरना नहीं जानते थे, इसलिए दोनों ही पानी में डूबने लगे। तभी एक महिला ने अपनी साड़ी तालाब की ओर बढ़ाते हुए पानी में फेंक दी। दोस्त साड़ी पकड़कर बाहर निकल आया, जबकि छात्र गहरे पानी में समा गया। महिला की चीख सुनकर दो युवक मौके पर पहुंचे और पानी में कूदकर छात्र को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दोनों बच्चे गणेश प्रतिमा के विसर्जन के लिए तालाब पर गए थे। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के लक्ष्मी तालाब की है।

# जनपद में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत 14012 आवेदन लंबित होने पर 8 अधिकारियों पर लटकी कार्यवाही की तलवार

**ललितपुर।** जनपद में शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किये गए 14 हजार से अधिक आवेदन अब भी विभागों और शिक्षण संस्थाओं में लंबित पड़े हैं, जबकि राज्य सरकार द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार शिक्षण संस्थानों के स्तर से लंबित आवेदनों को अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 10.12.2025 निर्धारित है। ऐसे में इस बड़ी लापरवाही का खुलासा तब हुआ जब जिलाधिकारी सी0एम0 डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कर रहे थे। समीक्षा में पाया गया था कि सी0एम0 डैशबोर्ड पर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 9-10 के 502, कक्षा 11-12 के 329 एवं पोस्ट मैट्रिक संस्थाओं के 13181, इस प्रकार (कुल 14012) आवेदन अभी तक शिक्षण संस्थाओं और विभागों में लंबित हैं, जिससे जिलाधिकारी भी हैरत में पड़ गए। और तो और इन लंबित आवेदनों में 13181 आवेदन पत्र ऐसे हैं जो उच्च शिक्षा स्तर पर लंबित है और प्राचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, नोडल अधिकारी, उच्च शिक्षा, प्राचार्य डॉयट, नोडल अधिकारी-प्राविधिक शिक्षा, नोडल अधिकारी, व्यवसायिक शिक्षा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक अधिकारी से संबंधित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है एवं सम्बन्धित संस्था के उत्तरदायी अधिकारियों की शिथिलता का द्योतक है। शासन स्तर पर भी इस सम्बन्ध में असंतोष व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और उक्त अधिकारियों व प्राचार्यों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निस्तारण 02 दिवस के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। यदि नियत समयावधि में कॉलेज/संस्था की शिथिलता के कारण आवेदन पत्र निस्तारित नहीं किये जाते हैं, तो सम्बन्धित कॉलेज/संस्था के उत्तरदायी प्राचार्यों/अधिकारियों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि उक्त संबंधित अधिकारीगण एवं प्राचार्य व्यक्तिगत रुचि लेकर युद्ध स्तर पर कार्य कराते हुये लंबित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निस्तरण सुनिश्चित करायें तथा प्रतिदिन की निस्तारण प्रगति से मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से अवगत करायें, यदि लापरवाही हुई तो इसके लिये अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि उनके द्वारा दिनांक 09.12.2025 को अपरान्ह 04.00 बजे विकास भवन में प्रगति समीक्षा हेतु आवश्यक बैठक आहूत की है। संबंधित अधिकारीगण व कॉलेज/संस्था के ऐसे समस्त प्रधानाचार्य निस्तारण सूचना/विवरण के साथ उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे, जिनके स्तर पर आवेदन पत्र लंबित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाब-अल-मंदेब में मालवाहक जहाज पर समुद्री लुटेरों का हमला

**दुबई, एजेंसी।** दुबई के पास बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य में शुक्रवार को एक मालवाहक जहाज पर संदिग्ध समुद्री लुटेरों ने हमला किया। ब्रिटिश सैन्य के यूके मेरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर के अनुसार, छोटे जहाजों ने बड़े पोत का दूर तक पीछा करने के बाद उस पर गोलीबारी की। निजी सुरक्षा कंपनी डायप्लस ग्रुप ने बताया कि जहाज पर दो बार हमला होने के बाद ही सवार सशस्त्र गार्डों ने जवाबी फायरिंग की। हालांकि, इस हमले में किसी भी क्रू को नुकसान नहीं पहुंचा है। बता दें कि यह मार्ग लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ता है। यहां पहले यमन के हूती विद्रोहियों और सोमालियाई समुद्री लुटेरों की गतिविधियां देखी गई थीं। फिलहाल गाजा संघर्ष में अस्थायी युद्धविराम के कारण हूती हमले रुके हुए हैं।

### सीरिया में अमेरिकी छापे में चूक के चलते आईएस अधिकारी की जगह मारा गया खुफिया एजेंट

**दमिश्क, एजेंसी।** पश्चिम एशियाई देश- सीरिया के डुमेयर में अमेरिकी छापे में चूक के चलते आईएस अधिकारी की बजाय एक खुफिया एजेंट मारा गया। अक्तूबर में एक अमेरिकी छापे में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के अधिकारी को निशाना बनाया गया था, लेकिन इसके बजाय वर्षों से आईएस में घुसपैठ कर खुफिया जानकारी जुटा रहे खुफिया एजेंट खालिद अल-मसूद की जान चली गई। परिवार और सीरियाई अधिकारियों ने बताया कि अल-मसूद अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा की सरकार के लिए काम कर रहे थे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह गलती आईएस-विरोधी अभियानों के लिए बड़ा झटका हो सकती है। इस बीच अमेरिकी सेनाओं ने दक्षिण सीरिया में आईएस के 15 हथियार भंडार को एक अभियान के तहत खत्म किया है।

### स्पेन में स्वाइन फ्लू का प्रकोप, मलयेशिया में सूअर के मांस के आयात पर प्रतिबंध

**मैड्रिड , एजेंसी।** मलयेशिया ने स्पेन में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू (एएसएफ) के प्रकोप के बाद स्पेन से सूअर के मांस और उससे बने अधिकांश उत्पादों के आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। केवल रिपोर्ट उत्पादों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। वायरस पिछले महीने बार्सिलोना के पास जंगली सूअरों में पाया गया था और इसके बाद कई और मामले सामने आए। मलेशियाई वेटरनरी सर्विसेज विभाग ने कहा कि स्पेनिश सुअर तभी स्वीकार किया जाएगा जब उसके साथ 28 नवंबर या उससे पहले जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र हो।

### क्लाउडफ्लेयर नेटवर्क में खराबी से ठप रहीं लिंक्डइन-जूम साइटें

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इंटरनेट अवसंरचना कंपनी क्लाउडफ्लेयर में खराबी के कारण शुक्रवार को लिंक्डइन व जूम सहित कई वैश्विक वेबसाइटें ठप रहीं। कंपनी ने कहा कि वह तकनीकी खामी की जांच कर रही है। क्लाउडफ्लेयर की तरफ से मुहैया कराई जा रही सेवाओं में तीन हफ्ते से भी कम समय में दूसरी बार खामी आई है। क्लाउडफ्लेयर ने दावा किया कि समस्या का समाधान हो गया है। वह क्लाउडफ्लेयर डैशबोर्ड और संबंधित एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के साथ समस्याओं की जांच कर रही है जो सॉफ्टवेयर प्रणाली को एक दूसरे के साथ समन्वय करने में सक्षम बनाते हैं। इस बीच, सोशल मीडिया मंच पर उपयोगकर्ताओं ने वेबसाइट इस्तेमाल करने में आने वाली समस्याओं की सूचना दी।

### यूक्रेन युद्ध पर शांति वार्ता सफल हुई तो भी पुतिन के खिलाफ वारंट नहीं हटेगा : आईसीसी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की उप अभियोजक नजहत शमीम खान ने कहा कि यूक्रेन युद्ध को लेकर शुरू हुई शांति वार्ताओं के सफल होने पर भी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट खत्म नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अदालत की जांच तभी रोकी जा सकती है जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इसे अस्थायी तौर पर स्थगित करने का अनुरोध करे। खान ने कहा, जब एक बार जांच शुरू हो जाती है, तो हम अपने नियामक ढांचे के तहत ही आगे बढ़ते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय और शांति एक-दूसरे के पूरक हैं। स्थायी शांति के लिए जवाबदेही जरूरी है। बता दें कि बीते कुछ हफ्तों में अमेरिका, यूक्रेन और रूस के अधिकारी संभावित समझौते पर बातचीत के लिए कई दौर की बैठकों में शामिल हुए हैं। लेकिन खान ने कहा कि आईसीसी की प्रक्रिया इन वार्ताओं से प्रभावित नहीं होगी।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान में फिर बढ़ा तनाव, रातभर हुई जमकर गोलीबारी; एक दूसरे पर बरसे



**काबुल, एजेंसी।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ रहा है। दोनों देशों की सेनाओं के बीच शुक्रवार देर रात सीमा पर गोलीबारी हुई लेकिन इस दौरान किसी के हताहत होने या किसी प्रकार नुकसान की कोई खबर नहीं मिली है। दोनों पक्षों ने पिछले दो महीने से लागू संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन कर गोलीबारी करने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। सीमा पर तनाव कम करने और संघर्ष विराम को कायम रखने के उद्देश्य से अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच नवंबर में हुई बातचीत असफल रही थी लेकिन अक्टूबर में कतर की मध्यस्थता से किया गया संघर्ष विराम समझौता मुख्यतः कायम रहा।

गोलीबारी से एक दिन पहले ही पाकिस्तान ने कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र को चमन और तोरखम सीमा के रास्ते अफगानिस्तान में राहत सामग्री भेजने की अनुमति देगा। ये सीमाएं बढ़ते तनाव के कारण लगभग दो महीने से बंद हैं। पाकिस्तानी स्थानीय पुलिस अधिकारी मोहम्मद सादिक ने दावा किया कि गोलीबारी अफगानिस्तान की ओर से शुरू हुई और पाकिस्तानी सैनिकों ने चमन सीमा के पास जवाबी गोलीबारी की।

काबुल में, अफगान तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहउल्ला मुजाहिद ने पाकिस्तान पर गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगाया। अफगान सीमा पुलिस के प्रवक्ता अबीदुल्ला फारूकी ने भी कहा कि पहले पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान की ओर स्पिन बोल्दक सीमा क्षेत्र में एक हथगोला फेंका, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान संघर्ष विराम को लेकर प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मुशर्रफ जैदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इससे पहले शाम को, 'अफगान तालिबान शासन ने चमन सीमा पर बिना किसी कारण गोलीबारी की।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना पूरी तरह सतर्क है और देश की क्षेत्रीय अखंडता व अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अक्टूबर में सीमा पर हुई झड़पों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। इस संघर्ष में दर्जनों सैनिक, आम नागरिक एवं संदिग्ध चरमपंथी मारे गए और दोनों पक्षों के सैकड़ों लोग घायल हो गए। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में नौ अक्टूबर को हुए विस्फोटों के बाद हिंसा भड़क उठी। इन विस्फोटों के लिए तालिबान सरकार ने पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया और बदला लेने का संकल्प लिया। हाल के वर्षों में दोनों पड़ोसी देशों के बीच यह सबसे भीषण संघर्ष था। कतर की मध्यस्थता से हुए संघर्ष विराम समझौते से तनाव कुछ हद तक कम हुआ लेकिन इस्तांबुल में बाद में हुई शांति वार्ता के दौरान कोई समझौता नहीं हो सका।

# नेशनल गार्ड की तैनाती को लेकर घिरे राष्ट्रपति ट्रंप, संघीय अदालत ने उठाए सवाल



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के एक संघीय जज ने शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन के कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड तैनात करने के फैसले पर सवाल उठाए। ट्रंप प्रशासन ने पहले लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड्स की तैनाती की और इसे लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन भी हुए। सैन फ्रांसिस्को में सुनवाई के दौरान यूएस डिस्ट्रिक्ट जज चार्ल्स ब्रेयर ने सवाल किया कि क्या प्रशासन संघीय कानून की आड़ में हमेशा के लिए स्टेट गार्ड्स को नियंत्रित कर सकती है।

**जज ने संघीय सरकार से किए तीखे सवाल :** जज ने कहा कोई संकट हमेशा नहीं रहता। मेरा मानना है कि अनुभव हमें सिखाते हैं कि संकट आते-जाते रहते हैं और ऐसा ही चलता है। जज ने संघीय सरकार के अटॉर्नी से पूछा कि क्या ऐसा कोई सबूत है, जिससे साबित हो कि राज्य सरकार सक्षम नहीं हैं या संघीय लोगों और संघीय संपत्ति की सुरक्षा नहीं कर सकती? गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कैलिफोर्निया में हजारों नेशनल गार्ड्स की तैनाती की है।

**जज ने नेशनल गार्ड्स की तैनाती को अवैध करार दिया :** कैलिफोर्निया प्रशासन ने अदालत से अपील की कि राज्य में तैनात नेशनल गार्ड्स का नियंत्रण अब राज्य सरकार को सौंपा जाए, लेकिन अदालत ने फिलहाल ऐसा करने से इनकार कर दिया, लेकिन जज ने कैलिफोर्निया में नेशनल गार्ड्स की तैनाती को अवैध करार दिया है। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोन्टा ने कहा, 'नेशनल गार्ड राष्ट्रपति की कोई निजी आर्मी नहीं है, जिसे वे जहां चाहे, वहां तैनात कर दें और उसकी कोई वजह भी न बताएं।' अप्रवासन कार्रवाई का विरोध होने पर राष्ट्रपति ट्रंप ने कैलिफोर्निया में चार हजार से ज्यादा नेशनल गार्ड्स की तैनाती की थी। हालांकि अब उनकी संख्या घटकर करीब 100 ही रह गई है।

# पाकिस्तानी सेना बोली- इमरान मानसिक रूप से बीमार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी सेना ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 'मानसिक रूप से बीमार' बताया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा हैं। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस नए चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज हेडक्वार्टर के उद्घाटन के तुरंत बाद हुई। रिपोर्टर्स से बात करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल चौधरी ने कई बार इमरान खान की आलोचना की। उन्होंने खान का एक ट्वीट दिखाते हुए कहा कि यह जानबूझकर सेना के खिलाफ नरेटिव बनाने की कोशिश है।

**सेना बोली- राजनीति में सेना को न घसीटें :** डीजी आईएसपीआर चौधरी ने खान को ऐसा शख्स बताया जो संविधान से ज्यादा अपने व्यक्तिगत फायदे को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा, 'एक व्यक्ति सोचता है कि अगर वो नहीं है, तो कुछ भी नहीं। वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन चुका है। उसे लगता है कि मेरे बिना कुछ नहीं चल सकता। चौधरी ने कहा कि किसी को भी पाकिस्तान की सेना और जनता के बीच दरार पैदा करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने राजनीतिक दलों से कहा कि अपनी राजनीति में सेना को न घसीटें। संस्थाओं की सीमाओं का सम्मान करें।

**हिरासत में मिलने वालों पर सवाल :** लेफ्टिनेंट जनरल चौधरी ने यह भी सवाल उठाया कि जेल में बंद इमरान खान किस कानून के तहत लोगों से मिलते हैं और राज्य तथा सेना के खिलाफ नरेटिव तैयार करते हैं? उन्होंने पूछा, 'कौन सा कानून है जो एक कैदी को लोगों से मिलने और राज्य तथा पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं के खिलाफ नरेटिव तैयार करने की अनुमति देता है?' उनका दावा था कि खान जब भी किसी से मिलते हैं, तो संविधान और कानून को किनारे रखकर राज्य और सेना के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश करते हैं।

# प्रोफेसर ने यहूदी धर्म स्थल के पास चूहे मारने के लिए की पिस्तौल से गोलीबारी, विवाद के बाद अमेरिका छोड़ा



**बोस्टन, एजेंसी।** हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक विजिटिंग प्रोफेसर कार्लोस पुर्तगाल गुवेआ को वीजा रद्द होने के बाद अमेरिका छोड़ना पड़ा है। ब्राजील मूल के गुवेआ ने पुलिस को बताया था कि उन्होंने अपने घर के पास चूहे मारने के लिए पिस्तौल का इस्तेमाल किया था। यह घटना योम किप्पुर (यहूदी समुदाय का पर्व) के दिन एक सिनेगॉग के पास हुई थी, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। अमेरिकी आव्रजन विभाग ने बुधवार को कार्लोस को हिरासत में लिया। अधिकारियों के मुताबिक, गुवेआ निर्वासन का सामना करने के बजाय स्वेच्छा से अमेरिका से निकलने पर राजी हो गए। उनके वकील ने बताया कि वह गुरुवार को ब्राजील पहुंच गए। घटनास्थल के पास स्थित टेंपल बेथ जायन (सिनेगॉग) ने घटना के कुछ दिनों बाद सोशल मीडिया पर कहा था कि मामले में यहूदी-विरोधी भावना का कोई संकेत नहीं मिला है। शुरुआत में पुलिस ने भी बताया था कि गुवेआ को पता नहीं था कि वह सिनेगॉग के पास हैं या उस दिन कोई धार्मिक पर्व है। उनका कहना था कि वह केवल चूहे मार रहे थे। इसके बावजूद, अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग ने इस घटना को यहूदी-विरोधी कृत्य बताते हुए कड़ा रुख अपनाया। विभाग की सहायक सचिव ट्रिशिया मैक्लॉफलिन ने कहा कि अमेरिका में काम करना और पढ़ाई करना एक विशेषाधिकार है, अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे हिंसक यहूदी-विरोधी कृत्यों के लिए देश में कोई स्थान नहीं है। ब्रुकलाइन पुलिस के मुताबिक, घटना एक अक्तूबर की रात करीब नौ बजे हुई, जब योम किप्पुर के चलते सिनेगॉग में प्रार्थना चल रही थी। सुरक्षा गार्डों ने दो तेज आवाजें सुनीं और गुवेआ को एक पेड़ के पीछे बंदूक लिए खड़ा देखा। पुलिस के पहुंचने पर प्रोफेसर और एक अधिकारी के बीच हल्की झड़प भी हुई। हालांकि बाद में गुवेआ को काबू में कर लिया गया। गुवेआ के खिलाफ प्रारंभ में तीन मामूली और एक गंभीर आरोप लगाए गए थे। उन पर पिस्तौल का गलत इस्तेमाल करने, तोड़फोड़ करने, गलत व्यवहार करने और शांति भंग करने के आरोप लगाए गए थे। बाद में अधिकांश आरोप हटा दिए गए और केवल पिस्तौल का गैरकानूनी इस्तेमाल वाला आरोप रखा गया। अमेरिकी विदेश विभाग ने 16 अक्तूबर को गुवेआ का जे-1 वीजा रद्द कर दिया था। हार्वर्ड लॉ स्कूल की वेबसाइट पर उन्हें 2025 सेमेस्टर के लिए विजिटिंग प्रोफेसर बताया गया है। वह 'भ्रष्टाचार और असमानता सेमिनार' तथा 'सतत पूंजीवाद' जैसे पाठ्यक्रम पढ़ा रहे थे। वह साओ पाउलो विश्वविद्यालय के लॉ स्कूल में सहायक प्रोफेसर और ब्राजील स्थित ग्लोबल लॉ इंस्टीट्यूट के सीईओ भी हैं। हार्वर्ड ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं साओ पाउलो यूनिवर्सिटी के लॉ स्कूल के निदेशक सेल्सो कैंपिलोंगो ने गुवेआ का समर्थन करते हुए कहा कि उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप भ्रामक हैं और उन्होंने हमेशा मानवाधिकारों तथा यहूदी समुदाय के हितों का साथ दिया है।

# नीरव मोदी की जेल बदलने से ब्रिटेन में मुकदमे की सुनवाई पर असर



**लंदन, एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले के आरोपी और भारत में वांछित फरार व्यापारी नीरव मोदी की जेल बदले जाने से ब्रिटेन में बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े 80 लाख डॉलर के बकाया ऋण मामले की सुनवाई में नई जटिलताएं पैदा हो गई हैं। वकील ने लंदन हाईकोर्ट को बताया कि नीरव मोदी को अब एक छोटे सेल में दूसरे कैदियों के साथ रहना पड़ रहा है और उनके पास अपने कानूनी दस्तावेजों तक पर्याप्त पहुंच नहीं है, जिससे उनकी केस तैयारी प्रभावित हो रही है। 54 वर्षीय मोदी को हाल ही में एचएमपी थेम्साइड से एचएमपी पेंटनविले स्थानांतरित किया गया था, ताकि वह एक अलग ऋण मामले में अदालत में उपस्थिति दर्ज करा सकें।

जज साइमन टिंकलर को बताया गया कि जनवरी 2026 में निर्धारित मुकदमे से पहले मोदी को अपनी गवाही और बचाव तैयार करने के लिए अधिक समय चाहिए। जज टिंकलर ने टिप्पणी की कि आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न होने से मोदी निष्पक्ष तरीके से अपनी बात पेश नहीं कर पाएंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि थेम्साइड जेल में मौजूद उनके सभी दस्तावेज तुरंत पेंटनविले जेल भेजे जाएं। अदालत ने मामले की अगली समीक्षा सुनवाई 19 दिसंबर को तय की है।

ऑनलाइन सुनवाई में मोदी के वकील ने कहा कि बिना आईटी सुविधा, छोटे सेल और साझा डेस्क की वजह से उनके मुवक्किल को गंभीर असुविधा हो रही है। वहीं बैंक ऑफ इंडिया के वकील ने इस दलील का विरोध करते हुए कहा कि मोदी लगातार देरी की रणनीति अपना रहे हैं और भारत प्रत्यर्पण से पहले ही सुनवाई पूरी हो जानी चाहिए।

**2019 से ब्रिटेन में हिरासत में है मोदी:** नीरव मोदी 2019 से ब्रिटेन में हिरासत में हैं और अब तक की सभी जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। भारत में उनके खिलाफ सबीआई, ईडी और गवाहों के साथ छेड़छाड़ से जुड़े तीन प्रमुख आपराधिक मामले लंबित हैं। 2021 में ब्रिटेन ने उनके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी, लेकिन हाल ही में उनकी अपील दोबारा खोलने की अनुमति मिलने से प्रक्रिया एक बार फिर लंबी हो सकती है।

# अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर सख्ती बढ़ी, सोमालिया-मैक्सिको के 12 लोग गिरफ्तार




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिनियापोलिस में फेडरल एजेंट्स ने इस सप्ताह अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इस छापेमारी में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई का मुख्य लक्ष्य सोमाली समुदाय के अवैध प्रवासियों पर था, लेकिन गिरफ्तार लोगों में केवल पांच सोमाली थे। बाकी में छह मेक्सिकन और एक एल साल्वाडोर का नागरिक था। बता दें कि मिनियापोलिस-सेन्ट पॉल क्षेत्र में अमेरिका की सबसे बड़ी सोमाली समुदाय रहती है। ट्रंप प्रशासन ने इससे पहले शिकागो, लॉस एंजिलिस और चार्लोट में भी बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाया था। इसी तरह इस सप्ताह न्यू ऑरलियन्स में भी कार्रवाई की गई है, जहां अधिकारी 5,000 लोगों तक को गिरफ्तार करने की योजना बना रहे हैं।

**गिरफ्तार लोगों में कुछ पर पहले से ही मामले दर्ज :** मामले में डीएचएस की सहायक सचिव ट्रिशिया मैक्लॉगलिन ने कहा कि गिरफ्तार किए गए 12 लोगों में से अधिकांश सबसे बड़े अपराधी अवैध प्रवासी हैं। इनमें से आठ पर हिंसा, धोखाधड़ी, घरेलू हिंसा और नशे में ड्राइविंग जैसे मामले थे। वहीं मिनियापोलिस के मेयर जैकब फ्रे ने कहा कि शहर की पुलिस फेडरल इमिग्रेशन अभियान में भाग नहीं लेगी। इसके बावजूद डीएचएस की मैक्लॉगलिन ने फ्रे और वाल्ज़ पर आरोप लगाया कि उन्होंने इमिग्रेशन कानून लागू नहीं किया और नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डाला।

**ट्रंप की आलोचना और विवाद क्यों :** गौरतलब है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में सोमाली प्रवासियों को सार्वजनिक रूप से कचरा कहा। साथ ही कहा कि वे देश के लिए योगदान नहीं करते। उन्होंने मिनेसोटा के डेमोक्रेटिक गवर्नर टिम वाल्ज पर भी आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में सरकारी कार्यक्रमों में धोखाधड़ी हुई और इससे एक सोमाली कट्टरपंथी समूह को धन पहुंचा। इस छापेमारी और ट्रंप की टिप्पणियों की स्थानीय और राज्य अधिकारियों ने तीखी आलोचना की है।

# ट्रंप खुश हुए ! अमेरिकी राष्ट्रपति को मिला 'फीफा शांति पुरस्कार', खुद ही उठाकर पहना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नोबेल शांति पुरस्कार की मांग कर रहे डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल तो नहीं लेकिन फीफा शांति पुरस्कार जरूर मिल गया है। फुटबॉल की वैश्विक संस्था अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने नए फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार खेल से इतर वैश्विक शांति को ध्यान में रखकर बनाया गया है और ट्रंप इसके पहले विजेता हैं।

**फीफा ने क्यों दिया यह पुरस्कार :** डोनाल्ड ट्रंप का नोबेल शांति पुरस्कार के लिए प्रेम किसी से छिपा नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि फीफा द्वारा इस साल से शुरू किया जा रहा है शांति पुरस्कार ट्रंप को ही मिलेगा। वैसे बी फीफा के वर्तमान अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो को ट्रंप का करीबी माना जाता है। वह कई बार खुले तौर पर इस बात को कह चुके हैं कि गाजा संघर्ष में युद्धविराम करवाने के लिए ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना ही चाहिए।

फीफा के अगले विश्वकप के लिए आयोजित किए जा रहे एक कार्यक्रम में जियानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए ट्रंप को यह पुरस्कार देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'यह आपके लिए एक सुंदर मेडल है, जिसे आप जहां चाहें, वहां पहन सकते हैं।' इसके बाद ट्रंप ने तुरंत ही इसे अपने गले में डाल लिया। इसके साथ ही ट्रंप को एक सर्टिफिकेट भी दिया गया, जिसमें ट्रंप को 'दुनिया में शांति और एकता बढ़ाने में योगदान' देने वाला बताया गया।

इसके अलावा जियानी ने ट्रंप को एक सोने की ट्राफी भी भेंट की। इस पर आगे ट्रंप का नाम लिखा हुआ था। उन्होंने कहा, 'आप इस शांति पुरस्कार के योग्य हैं, अपनी कोशिशों और उपलब्धियों के लिए। फीफा शांति पुरस्कार मिलने के





बाद ट्रंप उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा, 'यह मेरे जीवन के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है।' इसके बाद उन्होंने अपने परिवार, खासतौर पर अपनी पत्नी मेलानिया का धन्यवाद दिया और मेजबान देशों कनाडा और मेक्सिको के नेताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह तीनों देशों के लिए बेहतर रहेगा।

ट्रम्प ने कहा, 'ये मेरी जिंदगी के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है। अब दुनिया पहले से ज्यादा सुरक्षित जगह है।' इन्फेंटिनो ने कहा कि ट्रम्प को ये सम्मान दुनिया में शांति और एकता बढ़ाने के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प को तो नोबेल पीस प्राइज भी मिलना चाहिए था, खासकर गाजा में युद्धविराम कराने की कोशिशों के लिए। ये पुरस्कार फीफा का पहला शांति पुरस्कार है। फीफा ने अभी तक इसके चयन की प्रक्रिया के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। कई फीफा अधिकारियों को भी ये घोषणा अचानक लगी थी। इससे एक दिन पहले वॉशिंगटन में इंस्टीट्यूट ऑफ पीस का नाम ट्रम्प के नाम पर 'डोनाल्ड जे. ट्रम्प इंस्टीट्यूट ऑफ पीस' कर दिया गया था। यहां कांगो और रवांडा के नेताओं ने ट्रम्प की मौजूदगी में शांति समझौता किया था।

# विराट और रोहित के रहने से बढ़ती हैं जीतने की संभावनाएं : गंभीर

## 2027 विश्वकप तक दोनो के खेलने की उम्मीद बनी

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए है कि इनके रहने से टीम की जीत की संभावनाएं काफी बढ़ जाती है। ऐसे में अगर ये फिट रहते तो टीम के साथ बने रहेंगे। गंभीर के इस बयान से साफ है कि रोहित और विराट के 2027 विश्वकप में खेलने की संभावनाएं बरकरार है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में मिली जीत के बाद गंभीर ने कहा है कि रोहित और विराट की मौजूदगी से भारतीय टीम के जीतने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि भले ही अब ये दोनो एक ही प्रारुप खेलते हैं फिर भी इनकी लय बनी हुई है। ऐसे में एकदिवसीय प्रारुप में इन दोनो खिलाड़ियों का योगदान टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। । गंभीर ने साफ किया कि 2027 विश्व कप के लिए दोनों खिलाड़ियों की उपयोगिता कम नहीं होगी, बल्कि और बढ़ेगी।

गंभीर ने कहाः ये दोनो ही उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं। लंबे समय से भारत के लिए वही करते आ रहे हैं जो टीम को चाहिए। उनका लंबा अनुभव ड्रेसिंग रूम में बेहद महत्वपूर्ण है। उम्मीद है कि वे आगे भी टीम को वही स्थिरता देंगे।' उनके इस बयान से साफ है कि 2027 विश्व कप की योजनाओं में दोनों दिग्गजों की जगह बनी हुई है।

गंभीर के इस बयान से उन बातों पर विराम लग गय है जिसमें कहा गया था कि उनकी कोहली और रोहित से नहीं बन रही है। । इसके बीच चयन और योजनाओं को लेकर मतभेद बताये गये थे पर अब गंभीर के इस बयान से लगता है सबस कुछ सामान्य है।

ये भी कहा जा रहा है कि रोहित-कोहली ने इससे पहले ऑस्ट्रलिया औरा अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर गंभीर को अपना रुख बदलने पर मजबूर कर दिया था। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया वहीं विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया है।

गंभीर के बयान से तय है कि अगर इन दोनो की फिटनेस और फार्म सही रहते हैं तो ये दोनो 2027 विश्व कप में खेलते नजर आ सकते हैं।





# पीटर्सन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन गोल्फ खिताब जीता



**मेलबर्न (एजेंसी)।** मेलबर्न (ईएमएस)। जर्मनी के रासमुस नीरगार्ड-पीटर्सन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन गोल्फ खिताब जीत लिया है। ये पीटर्सन का पहला बड़ा खिताब है। उन्होंने करीबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी कैमरन स्मिथ को पीछे छोड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 72वें होल तक नीरगार्ड-पीटर्सन और स्मिथ दोनों 15-अंडर के स्कोर साथ ही बराबरी पर थे पर इसके बाद पीटर्सन ने एक शॉट से जीत हासिल कर ली।

पीटर्सन ने 67, 66, 66 और 70 के राउंड खेलते हुए कुल 15-अंडर 269 का स्कोर बनाया। वहीं स्मिथ अंतिम दौर की शुरुआत दो शॉट पीछे से करते हुए 10वें होल तक बढ़त भी ले चुके थे, लेकिन 12वें होल की बोगी से संतुलन बिगड़ गया और दोनों फिर बराबरी पर आ गए पर अंतिम पुट डालते ही मुकाबला बदल गया।

वहीं ऑयरलैंड के रॉरी मैकइलरॉय ने अंतिम दिन 69 का राउंड खेला और संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहे। मैकइलरॉय ने कहा कि ऑस्ट्रेलियन ओपन को बेहतर तारीख मिलनी चाहिए ताकि दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी यहां आ सकें। ऑस्ट्रेलियन ओपन के विजेता को अगले साल के मास्टर्स टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिलता है।

# रिटेंशन पर्स की वजह से केकेआर ने आंद्रे रसेल को किया रिलीज

**– रिटायरमेंट और कोचिंग भूमिका पर हुई चर्चा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की मिनी नीलामी से ठीक पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने अपने सबसे बड़े मैच-विजेताओं में से एक आंद्रे रसेल को रिलीज करने का बड़ा फैसला किया। इस निर्णय ने क्रिकेट जगत और फैंस को हैरान कर दिया, क्योंकि रसेल सालों से केकेआर के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में गिने जाते रहे हैं। फ्रैंचाइज़ी के सीईओ वेंकी मैसूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में इस फैसले के पीछे की पूरी कहानी और उससे जुड़े भावनात्मक पल साझा किए।

मैसूर ने बताया कि रसेल को रिलीज करने की सबसे बड़ी वजह रिटेंशन स्लैब्स से जुड़ा वित्तीय ढांचा था। भले ही रसेल का कॉन्ट्रैक्ट मूल्य 12 करोड़ रुपये था, लेकिन 2025 सीजन के लिए उन्हें रिटेन करने पर केकेआर के पर्स से 18 करोड़ रुपये कटने थे। उन्होंने कहा कि यह राशि नीलामी रणनीति के लिहाज से बेहद भारी थी और टीम को बाकी संयोजन मजबूत करने में मुश्किल पैदा कर सकती थी। उन्होंने कहा, 'कई लोग समझ नहीं पाए कि असल कटौती 18 करोड़ की थी, 12 करोड़ की नहीं। लोग सोच रहे थे कि केकेआर 12 करोड़ के खिलाड़ी को क्यों छोड़ेगी, लेकिन नीलामी के संदर्भ में 18 करोड़ बहुत बड़ी रकम है। यही मुख्य कारण था।'

मैसूर ने आगे बताया कि जब यह निर्णय रसेल के साथ साझा किया गया, तो वह भावुक हो गए। 2014 में केकेआर से जुड़ने के बाद रसेल कभी भी नीलामी पूल में नहीं गए थे। उन्होंने स्वीकार किया कि अचानक नीलामी का हिस्सा बनने का विचार उनके लिए मानसिक रूप से बहुत भारी था। मैसूर के अनुसार, रसेल ने उनसे कहा, 'मैंने कई रातें बिना सोए बिताईं, सोचता रहा कि आगे क्या होगा। मैं पर्पल-गोल्ड जर्सी और नाइटराइडर्स परिवार से बहुत जुड़ गया हूं।'

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे एशेज टेस्ट में इंग्लैंड को आठ विकेट से हराया

**–सीरीज में 2–0 की बढ़त हासिल की**



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने गुलाबी गेंद से खेले गये एशेज सीरीज के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड को आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पांच मैचों की इस सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए केवल 65 रनों का लक्ष्य मिला था जो उसने आसानी से दो 2 विकेट खो कर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रैविस हेड ने तेज 22 रन बनाए, जबकि स्टीव स्मिथ ने 9 गेंदों में 23 रन बना दिये। स्मिथ ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के जमाए। जेक वेदराल्ड 17 रन बनाकर पर नाबाद लौटे। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 69 रन आसानी से मैच जीत लिया

इस मैच में इंग्लैंड ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था और 334 रन का स्कोर बनाया था। वहीं मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने 511 रन बनाकर पहली पारी में 177 रन की बढ़त बना ली और दूसरी पारी में इंग्लैंड को 241 रन पर समेट था। ऐसे में मैच के चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 65 रन का आसान लक्ष्य मिला जिसे ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट खोकर हासिल कर लिया इस मैच में तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और माइकल नेसर ने इंग्लैंड की बल्लेबाज़ी पूरी तरह तहस-नहस कर दी। स्टार्क ने मैच में कुल 8 विकेट झटके, जबकि नेसर ने 6 बड़े लेकर इंग्लैंड को दोनों पारियों में संभलने का अवसर नहीं दिया। इसी कारण जो रुट के यहां लगाये पहले शतक के बाद भी मेहमान टीम संभल नहीं पायी।

इंग्लैंड की पहली पारी में रूट ने 138 रन बनाये। उनकी इस पारी से इंग्लैंड टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पायी पर अन्य बल्लेबाजों के असफल होने से टीम को नुकसान हुआ। स्टार्क ने 6 विकेट लेकर इंग्लैंड को 334 रन पर रोक दिया और मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत कर दी।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने पहली पारी में विरोधी गेंदबाजों पर दबाव बनाये रखा और 511 रनों का बड़ा स्कोर बनाया। जेक वेदराल्ड ने 72, लाबुशेन ने 65, स्टीव स्मिथ ने 61 और एलेक्स कैरी ने 63 रन की शानदार पारियां खेलीं। इन सबके अलावा मिचेल स्टार्क ने भी 77 रन बनाकर इंग्लैंड पर दबाव बना दिया। इंग्लैंड की ओर से केवल ब्राइडन कार्स ही 4 विकेट ले पाये। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में भी बल्लेबाजी में विफल रही और । केवल 241 रन पर ही बना पायी। कप्तान बेन स्टोक्स ही 50 और विल जैक्स ही 41 रन बना पाये । वहीं अन्य सभी बल्लेबाज विफल रहे।

# शुभमन गिल फिट, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में खेलने के लिए तैयार

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला से पहले बड़ी राहत मिली है। टीम के उपकप्तान शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है। गिल कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे, जहां उनकी गर्दन में अचानक तेज अकड़न आ गई थी। चोट के बाद उन्हें दो दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा और उपचार के दौरान इंजेक्शन भी दिया गया। इसी कारण वह मौजूदा वनडे सीरीज में हिस्सा नहीं ले पाए। गिल को टी20 टीम में फिटनेस के आधार पर चुना गया था और इसके लिए उन्हें लंबी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। उन्होंने सीओई में निर्धारित सभी रिकवरी प्रोटोकॉल पूरे किए, जिसमें स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, फिजियोथैरेपी, फंक्शनल फिटनेस टेस्ट और प्रदर्शन मूल्यांकन शामिल थे। इन सभी चरणों में सफल होने के बाद विशेषज्ञों ने उन्हें खेल में वापसी (आरटीपी) के लिए पूरी तरह उपयुक्त पाया। सीओई की ओर से टीम प्रबंधन को भेजे पत्र में कहा गया है कि शुभमन गिल ने रिहैबिलिटेशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और वह खेल के सभी प्रारूपों में खेलने के लिए आवश्यक मानदंडों को पूरा करते हैं।



# अब 9 दिसंबर से टी20 सीरीज में आमने–सामने होंगे भारत और दक्षिण अफ्रीका

मुम्बई । भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अब 9 दिसंबर से पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। दोने के बीच अब तक टेस्ट और एकदिवसीय सीरीज सीरीज हुई है। इसमें दक्षिण अफ्रीका ने टेस्ट जबकि भारतीय टीम ने एकदिवसीय सीरीज जीती है। ऐसे में अब दोनो ही टीमों के बीच टी20 सीरीज में रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। भारतीय टीम टी20 सीरीज में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में उतरेगी। पांच मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 9 दिसंबर को कटक के बाराबती स्टेडियम में जबकि दूसरा मुकाबला 11 दिसंबर को न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। तीसरा मैच 14 दिसंबर को धर्मशाला में खेला जाएगा। चौथा मुकाबला 17 दिसंबर को लखनऊ जबकि अंतिम मुकाबला 19 दिसंबर को अहमदाबाद में होगा। आंकड़ों की बात करें तो दोनो ही टीमों के बीच अब तक 31 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 18 मैचों में भारतीय टीम जबकि 12 मैचों में दक्षिण अफ्रीका जीती है। वहीं एक मुकाबला बराबरी पर रहा है।

# सचिन के 100 शतकों के रिकार्ड की बराबरी कर सकते हैं विराट : गावस्कर

मुम्बई । महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा है कि आने वाले समय में विराट कोहली सचिन तेंदुलकर के शतकों के शतक वाले विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं। गावस्कर के अनुसार विराट अपनी जबरदस्त फिटनेस के कारण 2027 विश्वपक के बाद भी खेल सकते हैं। विराट इस समय केवल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ही खेल रहे हैं। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज में विराट ने दो शतक और एक अर्धशतक लगाया था। विराट के अभी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 84 शतक हैं। वे पहले से ही एक प्रारुप में सबसे ज्यादा शतक लगाने बल्लेबाज हैं। गावस्कर ने कहा, अगर वह तीन साल और खेलते हैं तो उसे शतकों का शतक लगाने 16 शतक और चाहिए। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवीसय सीरीज में 302 रन बनाए। गावस्कर ने मुकाबले के बाद कहा, जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है उससे उसके लिए कुछ भी संभव है, उसने तीन मैचों की सीरीज में दो शतक बनाए हैं। अब अगर वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में दो और शतक बनाता है, तो वह 86 तक पहुंच जाएगा। इसलिए उसके 100 तक पहुंचने की काफी संभावनाएं हैं। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, उससे लग रहा है कि वह काफी आराम से खेल रहा है। जिस तरह से अंतिम एकदिवसीय में बल्लेबाजी की उससे उसके अच्छे फार्म का अंदाजा होता है। हैं। भारतीय टीम को विश्वकप 2027 तक करीब 35 एकदिवीसय मैच खेलने हैं। ऐसे में उसके लिए 16 शतक लगाना ज्यादा कठिन नहीं है। वहीं अगर वह वर्ल्ड कप के बाद भी खेलता है तो आसानी से 100 शतकों तक पहुंच जाएगा। ये तो ये है कि वह 90 से ज्यादा शतक तक पहुंच जाएगा।



# मुलर पर भारी पड़े मेस्सी, इंटर मियामी को पहला एमएलएस कप खिताब दिलाया


**फोर्ट लॉडरडेल (एजेंसी)।** थॉमस मुलर ने लियोनेल मेस्सी के साथ लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रतिद्वंद्विता में अक्सर बाजी मारी है लेकिन मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल प्रतियोगिता के शनिवार को खेले गए फाइनल में अर्जेंटीना की स्टार की तूती बोली। मुलर और मेस्सी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेस्सी और अर्जेंटीना को बाहर किया है। लेकिन शनिवार को अर्जेन्टीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को एमएलएस कप फाइनल में मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेस्सी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया। मेस्सी ने मैच के बाद कहा, ''तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछ्ले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था।'' मेस्सी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रैंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई। मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं। दोनों क्लब विश्व कप विजेता भी हैं।



# शक्ति और संकल्प का खेल : वेटलिफ्टिंग में भारत की बढ़ती ताकत

नई दिल्ली। वेटलिफ्टिंग सिर्फ वजन उठाने का खेल नहीं, बल्कि यह ताकत, संतुलन और मानसिक दृढ़ता की गहरी परीक्षा है। इसमें मुख्य रूप से स्नैच और क्लीन एंड जर्क दो तकनीकें शामिल होती हैं, जिनके लिए मजबूत मांसपेशियां, लचीला शरीर और आत्मविश्वास जरूरी होता है। आज यह खेल ओलंपिक का एक प्रतिष्ठित हिस्सा है, लेकिन इसकी शुरुआत प्राचीन काल में ताकत मापने की परंपरा से हुई थी। पुराने समय में योद्धा और सैनिक अपनी क्षमता साबित करने के लिए भारी पत्थरों और वस्तुओं को उठाते थे। धीरे–धीरे यह प्रतियोगिता का रूप लेकर ग्रीस, चीन, मिस्र और मेसोपोटामिया सहित कई देशों में लोकप्रिय हो गई। 19वीं शताब्दी के अंत तक यह एक अंतरराष्ट्रीय खेल के रूप में स्थापित हो चुका था। 1896 के एथेंस ओलंपिक में पहली बार वेटलिफ्टिंग को शामिल किया गया। हालांकि कुछ वर्षों 1900, 1908 और 1912 के दौरान इसे जगह नहीं मिली, लेकिन बाकी सभी ओलंपिक में यह लगातार खेला जाता रहा है। भारत ने इस खेल में आधिकारिक रूप से 1936 बर्लिन ओलंपिक में कदम रखा, जब एक साल पहले 1935 में भारतीय भारोत्तोलन महासंघ की स्थापना हुई थी। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने इस खेल में अपनी पहचान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए। महिलाओं ने वेटलिफ्टिंग में 2000 सिडनी ओलंपिक के बाद हिस्सा लेना शुरू किया, और इसी ओलंपिक में भारत की कर्णम मल्लेश्वरी ने 54 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज जीतकर इतिहास रच दिया। उनके बाद 2020 टोक्यो ओलंपिक में मीराबाई चानू ने 49 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया और वेटलिफ्टिंग के प्रति नई प्रेरणा जगाई।

# महिला क्रिकेट स्टार स्मृति मंधाना की शादी रद्द, सोशल मीडिया पर दी अहम जानकारी




नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप–कप्तान स्मृति मंधाना ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर चल रही अफवाहों पर विराम लगाते हुए पुष्टि की है कि संगीतकार पलाश मुछाल के साथ उनकी शादी रद्द कर दी गई है। उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया से आग्रह किया कि इस संवेदनशील समय में दोनों परिवारों की निजता का सम्मान किया जाए। पिछले कुछ सप्ताह से सोशल मीडिया पर उनकी शादी को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। इसी पर स्पष्टता लाते हुए मंधाना ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शादी रद्द कर दी गई है। कृपया इस मामले को यहीं समाप्त करें और हमें आगे बढ़ने के लिए जगह दें।' 23 नवंबर को होने वाली शादी उनके पिता श्रीनिवास की अचानक तबीयत बिगड़ने और दिल से जुड़ी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती होने की वजह से स्थगित कर दी गई थी। अब मंधाना ने बताया कि परिस्थितियों को देखते हुए शादी को रद्द करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि वह एक बेहद निजी इंसान हैं, लेकिन लगातार चल रही चर्चाओं और असत्यापित रिपोर्टों के कारण उन्हें खुलकर अपनी बात रखनी पड़ी। साथ ही, उन्होंने यह भी दोहराया कि उनका पूरा ध्यान अब भारत के लिए क्रिकेट खेलने और आगामी अंतरराष्ट्रीय सत्र की तैयारी पर है। गायिका पलक मुछाल ने कुछ दिन पहले इस मुद्दे पर बात की थी और दोनों परिवारों के लिए यह समय बेहद चुनौतीपूर्ण बताया था। सोशल मीडिया पर बढ़ती चर्चाओं की वजह से ही मंधाना को अटकलों का अंत करने के लिए आगे आना पड़ा। करीब एक दशक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अहम सदस्य रहीं 28 वर्षीय स्मृति मंधाना ने अंत में लिखा, 'आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद। अब आगे बढ़ने का समय है।'

# किसी तरह का दबाव महसूस नहीं कर रहा हूं: विराट कोहली

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 गेंद में नाबाद 65 रन की पारी खेलने के बाद कहा कि वह बिना किसी दबाव के खेल रहे हैं। कोहली तीन मैचों की इस श्रृंखला में 302 रन के साथ सर्वोच्च स्कोरर रहे। पहले दो वनडे में शतक जड़ने के बाद तीसरे मैच में भी अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करने के बाद उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

भारत ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला को 2-1 से जीता। कोहली ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो इस श्रृंखला में मैं जिस तरह से खेला, वह मेरे लिए सबसे संतोषजनक बात है। मैं वास्तव में किसी तरह का दबाव महसूस नहीं कर रहा हूं। मैंने पिछले दो-तीन साल से इस तरह नहीं खेला है।''

उन्होंने कहा, '' मुझे पता है कि जब मैं इस तरह से बल्लेबाजी करता हूं तो यह टीम की बहुत मदद करता है। इससे मुझे आत्मविश्वास मिलता है कि मैं किसी भी स्थिति को संभालकर मैच का रूख टीम की ओर मोड़ सकता हूं।'' कोहली ने माना कि एक बल्लेबाज के रूप में अनुभव चाहे कितना भी हो लेकिन ऐसे हालात आते हैं जब मन में संदेह होने लगता है।

उन्होंने कहा, '' जब आप इतने लंबे समय तक खेलते हैं (15-16 साल) तो आप कई बार खुद पर संदेह करने लगते हैं। खासकर एक बल्लेबाज के रूप में जब एक गलती आपको आउट करा सकती है। यह एक खिलाड़ी के रूप में बेहतर होने की पूरी यात्रा है। यह आपको एक व्यक्ति के रूप में सुधारता है और यह स्वभाव को भी सुधारता है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे खुशी है कि मैं अब भी टीम के लिए योगदान दे पा रहा हूं। जब मैं इस तरह से खुलकर खेलता हूं तो मुझे पता है कि मैं छक्के मार सकता हूं। ऐसी परिस्थिति में आप हमेशा आत्मविश्वास से भरे रहते हैं।'' कोहली ने कहा कि तीन पारियों में से रांची में बनाया गया शतक उनके लिए सबसे खास रहा।

उन्होंने कहा, ''रांची में पहला (शतक) खास रहा क्योंकि मैंने ऑस्ट्रेलिया के बाद कोई मैच नहीं खेला था। रांची मेरे लिए बहुत खास है और मैं बहुत आभारी हूं कि ये तीनों मैच ऐसे रहे।'' भारतीय कप्तान लोकेश राहुल ने कहा कि पहले दो मैचों में ओस के कारण गीली आउटफील्ड में गेंदबाजी करने के बाद गेंदबाजों को ब्रेक देना महत्वपूर्ण था।

राहुल ने दक्षिण अफ्रीका को 270 पर आउट करने पर कहा, ''पहले दो मैचों में हमें कठिन परिस्थितियां मिलीं। ऐसे में गीली आउटफील्ड में गेंदबाजों के लिए ब्रेक मिलना अच्छा था। यह पिच बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छी थी लेकिन हम एक साथ कई विकेट चटकाने में सफल रहे।''

भारत की जीत प्रसिद्ध कृष्णा (66 रन पर चार विकेट) और कुलदीप यादव (41 रन पर चार विकेट) का योगदान भी अहम रहा। राहुल ने अपनी गेंदबाजी इकाई की तारीफ करते हुए कहा, ''हम बीच के ओवरों में दबाव बना पाए। प्रसिद्ध ने एक स्पैल में तीन विकेट लिए जो वास्तव में महत्वपूर्ण थे और फिर कुलदीप ने आकर एक ओवर में दो विकेट ले गए। वनडे क्रिकेट में आप इसी तरह टीमों पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं।''

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा कि उनकी टीम भारत को बड़ा लक्ष्य देने में नाकाम रही। उन्होंने कहा, ''आज हम इसे और भी रोमांचक बनाना चाहते थे। बल्लेबाजी के लिहाज से हमने ज्यादा रन नहीं बनाए। दूधिया रोशनी में खेल आसान हो जाता है। शायद हमें समझदारी से काम लेना चाहिए था क्योंकि हमने जल्दबाजी में विकेट गंवा दिये थे।''

उन्होंने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा, ''भारतीय टीम ने अपनी क्षमता दिखाई। उन्हें बधाई। हम और भी ज्यादा समझदारी से खेल सकते थे। आप अगर पहले दो वनडे देखें तो हमने ऐसा किया। आज शायद हालात अलग थे। आप 50 ओवर के मैच में ऑल आउट नहीं होना चाहते।''

उन्होंने कहा, '' हमारे बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिली लेकिन वे इसे भुनाने में नाकाम रहे। क्विंटन (डिकॉक) ने शतक बनाया मैं भी अहम मौके पर आउट हो गया। भारत के पास अच्छे स्पिनर है और उन पर दबाव बनाना कभी आसान नहीं होता है।



# ग्रोवेल विवाद पर दक्षिण अफ्रीका कोच कॉनराड की सफाई, गलत शब्द के इस्तेमाल पर मांगी माफी



विशाखापत्तनम । दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने भारत के खिलाफ मिली एकतरफा हार और तीन मैचों की वनडे सीरीज 1–2 से गंवाने के बाद अपने विवादित 'grovel' बयान पर सफाई दी है। कॉनराड ने माना कि यह शब्द उनकी टीम की ऐतिहासिक टेस्ट जीत के चमक को फीका कर गया, जबकि उनका इरादा किसी तरह की अहमियत कम करने या अपमान का नहीं था।

# इस सप्ताह देशभर में सोने-चांदी के दामों में तेजी जारी रही

### सोना 330 रुपये बढ़ा, चांदी ने अचानक भरी 5000 रुपये की उड़ान!

**नई दिल्ली ।**

देशभर में सोने की कीमतों में इस हफ्ते तेजी जारी रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है, जो पिछले सात दिनों में 330 रुपये की बढ़ोतरी है। वहीं 22 कैरेट सोना 1,19,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। मुंबई और कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,30,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने का भाव 1,31,350 रुपये और 22 कैरेट 1,20,400 रुपये प्रति 10 ग्राम है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की चमक कायम है। सोना हाजिर बाजार में 4,223.76 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावना से निवेशक सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख कर सकते हैं, जिससे कीमतों में और तेजी आने की संभावना है। दिल्ली में पिछले 10 दिनों में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। 24 कैरेट सोना 12,861 रुपये से बढ़कर 13,030 रुपये प्रति ग्राम हो गया है। 22 कैरेट सोना भी इसी अवधि में 11,790 रुपये से बढ़कर 11,945 रुपये प्रति ग्राम पर पहुंचा है। वहीं सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी जबरदस्त तेजी है। 30 नवंबर को 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रही चांदी वर्तमान में 1,90,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 58.17 डॉलर प्रति औंस दर्ज की गई है और विशेषज्ञों का मानना है कि यह जल्द ही 70 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती है। इस साल सोने में अब तक 60 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प बना हुआ है।

# बीते सप्ताह शीर्ष पांच कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 72,285 करोड़ बढ़ा

### - टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस को सबसे अधिक लाभ हुआ

**नई दिल्ली ।**



पिछले सप्ताह भारत की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में पांच का कुल बाजार मूल्यांकन 72,284.74 करोड़ बढ़ गया। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस को सबसे अधिक लाभ हुआ। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट रही। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 35,909.52 करोड़ रुपए बढ़कर 11,71,862.37 करोड़ रुपए हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन 23,404.55 करोड़ रुपए बढ़कर 6,71,366.53 करोड़ रुपए पहुंचा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 6,720.28 करोड़ रुपए बढ़कर 6,52,396.39 करोड़ रुपए और भारती एयरटेल का 3,791.9 करोड़ रुपए बढ़कर 12,01,832.74 करोड़ रुपए हो गया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक का भी बाजार मूल्यांकन बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 35,116.76 करोड़ रुपए घटकर 20,85,218.71 करोड़ रुपए रह गया, बावजूद इसके वह देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो और एलआईसी में भी गिरावट देखने को मिली। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स महज 5.7 अंक बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 16.5 अंक गिरा। यह दर्शाता है कि व्यक्तिगत कंपनियों के शेयरों में महत्वपूर्ण बदलाव के बावजूद मुख्य सूचकांक में ज्यादा हलचल नहीं रही। विश्लेषकों के अनुसार आईटी कंपनियों टीसीएस और इंफोसिस में निवेशक विश्वास मजबूत बना हुआ है, जबकि रिफाइनरी और बैंकिंग क्षेत्रों में कुछ दबाव के चलते गिरावट रही। कुल मिलाकर इस सप्ताह बाजार में कंपनी-विशिष्ट घटनाओं का असर मुख्य सूचकांकों से कहीं अधिक नजर आया।

# एयर इंडिया ड्रीमलाइनर हादसा: जांच आगे बढ़ाने भारत-अमेरिका टीमों की वॉशिंगटन में अहम बैठक

### – ब्लैक बॉक्स डेटा और तकनीकी साक्ष्यों की संयुक्त समीक्षा; शुरुआती निष्कर्षों पर बढ़ता तनाव



**नई दिल्ली ।**

जून में अहमदाबाद से उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर हादसे की जांच अब निर्णायक चरण में प्रवेश करने वाली है। रिपोर्टों के अनुसार, भारत की एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की टीम अगले हफ्ते अमेरिका जाएगी, जहां वॉशिंगटन स्थित नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) मुख्यालय में संयुक्त बैठक होगी। इस दौरान दोनों देशों के जांचकर्ता अब तक जुटाए गए सभी तकनीकी और ऑपरेशनल डेटा की विस्तृत समीक्षा करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में बोइंग कंपनी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। भारतीय टीम कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर से मिले महत्वपूर्ण सुराग साझा करेगी। हादसे में विमान में सवार 241 यात्रियों और क्रू सदस्यों की जान गई थी, और एएआईबी इसकी जांच का नेतृत्व कर रहा है। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब जांच प्रक्रिया को लेकर भारत और अमेरिका के विशेषज्ञों के बीच तनाव की खबरें सामने आ रही हैं। भारतीय पायलट यूनियनों ने इस आशंका पर नाराज़गी जताई है कि कहीं हादसे की जिम्मेदारी जल्दबाज़ी में पायलटों पर न डाल दी जाए। प्रारंभिक रिपोर्ट में संकेत मिले थे कि टेकऑफ के तुरंत बाद विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच अचानक बंद हो गए, जिससे दोनों इंजनों की शक्ति चली गई। हालांकि लगभग दस सेकंड बाद स्विच फिर सक्रिय हुए, लेकिन तब तक स्थिति नियंत्रण से बाहर हो चुकी थी। कॉकपिट रिकॉर्डर में दर्ज बातचीत में युवा को-पायलट ने कैप्टन से पूछा कि स्विच क्यों बंद हुए, पर कैप्टन ने इससे इनकार किया। एएआईबी ने अंतिम रिपोर्ट आने तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से बचने की अपील की है।

# एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कई महत्वपूर्ण उपाय घोषित किए

### - किराए पर लगाम से लेकर फ्री कैंसलेशन तक की देगी सुविधा

**नई दिल्ली ।**

देशभर में उड़ानों के बड़े पैमाने पर रद्द होने और देरी के कारण यात्रियों को हो रही परेशानियों को देखते हुए एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कई महत्वपूर्ण राहत उपायों की घोषणा की है। दोनों एयरलाइनों ने बताया कि इन कदमों का उद्देश्य फंसे हुए यात्रियों को शीघ्र गंतव्य तक पहुंचाना और किराए में अनिश्चित बढ़ोतरी को रोकना है। एयरलाइनों ने 4 दिसंबर से घरेलू नॉन-स्टॉप उड़ानों में इकोनॉमी क्लास किराए सीमित करने का फैसला किया है, ताकि व्यवधान की स्थिति में अचानक बढ़ते किराए से यात्रियों को बचाया जा सके। साथ ही, दोनों कंपनियां नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा 6 दिसंबर को जारी नए किराया निर्देशों का पालन कर रही हैं। यात्रियों को और सुविधा देने के लिए टिकट बदलने व रद्द करने पर एक बार की विशेष छूट दी गई है। जिन यात्रियों ने 4 दिसंबर तक टिकट बुक की है और जिनकी यात्रा 15 दिसंबर तक प्रस्तावित है, वे 8 दिसंबर तक बिना किसी शुल्क के तारीख बदल सकते हैं या फिर पूरा पैसा वापस पा सकते हैं। हालांकि नई तारीख चुनने पर किराए का अंतर लागू होगा। यात्रियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए दोनों एयरलाइनों ने 24 घंटे कॉल सेंटर में अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया है। यात्रियों के लिए वेबसाइट, मोबाइल ऐप और व्हाट्सऐप चैटबोट के माध्यम से भी सहायता उपलब्ध है। उड़ानों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए एयरलाइंस अतिरिक्त उड़ानें संचालित कर रही हैं। जहां संभव होगा, यात्रियों को बिना अतिरिक्त शुल्क ऊपरी केबिन में अपग्रेड भी दिया जाएगा। साथ ही छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों और सेना कर्मियों के लिए विशेष रियायतें जारी रहेंगी।

# इस सप्ताह महंगाई, विदेशी निवेश और वैश्विक संकेत रहेंगे फोकस में

### - अमेरिका की फेड बैठक से ब्याज दरों का फैसला बाजार की दिशा तय करेगा

### अमेरिका–भारत संभावित व्यापार समझौते पर निवेशकों की नजर

### मिडकैप और स्मॉलकैप में मूल्य आधारित खरीदारी संभव

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार के लिए आगामी सप्ताह महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सरकार 12 दिसंबर को खुदरा महंगाई (सीपीआई) के आंकड़े जारी करेगी। अक्टूबर में महंगाई लगभग 0.25 फीसदी दर्ज की गई थी। इस बार यदि महंगाई नियंत्रित रहती है, तो निवेशकों को राहत मिलेगी और बाजार में तेजी की उम्मीद बढ़ सकती है। वहीं महंगाई बढ़ने की स्थिति में बाजार सतर्क रवैया अपना सकता है। उसी दिन विदेशी मुद्रा भंडार और आर्थिक वृद्धि (जीडीपी) से जुड़े आंकड़े भी सामने आएंगे। विदेशी मुद्रा भंडार में उतार-चढ़ाव रुपये की स्थिति और विदेशी निवेश धारणा पर असर डालता है, जिससे बाजार की दिशा पर सीधे प्रभाव पड़ता है। वैश्विक कारक भी अगले सप्ताह बाजार को प्रभावित करेंगे। अमेरिका की फेडरल रिजर्व बैठक से ब्याज दरों पर फैसला आएगा। दरों में स्थिरता या कटौती का संकेत भारतीय बाजार के लिए सकारात्मक रहेगा, जबकि बढ़ोतरी या सख्त रुख की स्थिति वैश्विक बाजारों में दबाव ला सकती है। इसके अलावा अमेरिका के रोजगार डेटा, औद्योगिक उत्पादन और मुद्रास्फीति से जुड़े संकेत भी निवेशकों की नजर में रहेंगे। हाल ही में रूस-भारत संबंधों में प्रगति हुई है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा और संस्कृति समेत 16 समझौते किए। पुतिन ने भारत को ईंधन की निरंतर आपूर्ति का आश्वासन भी दिया। वहीं, अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते की बातचीत भी जारी है। निवेशक इस संतुलन और सकारात्मक संकेतों पर नजर रखेंगे। मिडकैप और स्मॉलकैप में हाल की कमजोरी के बाद मूल्य आधारित खरीदारी लौट सकती है। आईटी और मेटल सेक्टर पर निगाह बनी रहेगी। ऊर्जा और एफएमसीजी सेक्टर में फिलहाल स्थिर दृष्टिकोण रहने की संभावना है।

# नाल्को अगले साल जून तक ओडिशा में पोटांगी बॉक्साइट खदान शुरू करेगा

### - खनन क्षमता और एल्यूमिनियम उत्पादन बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) अगले साल जून तक ओडिशा के कोरापुट जिले में पोटांगी बॉक्साइट खदान शुरू करने की योजना बना रही है। यह कदम कंपनी की खनन क्षमता बढ़ाने और एकीकृत एल्यूमिनियम कारोबार के विस्तार के उद्देश्य से उठाया गया है। पोटांगी बॉक्साइट खदान के विकास और संचालन के लिए दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड को एल-1 बोलीदाता चुना गया है। नाल्को के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खदान समय पर चालू होगी। नाल्को अपने दामनजोडी रिफाइनरी में 22.75 लाख टन सालाना क्षमता वाले एल्यूमिना उत्पादन को बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके लिए ओडिशा सरकार ने पोटांगी बॉक्साइट भंडार का 697.979 हेक्टेयर क्षेत्र में 50 साल के लिए खनन पट्टा नाल्को को दिया है। सीएमडी ने कहा कि यदि पोटांगी से उत्पादन में कोई देरी हुई, तो वैकल्पिक स्रोत से बॉक्साइट की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।




# इंडिगो बोर्ड ने रद्द और विलंबित उड़ानों पर संकट प्रबंधन समूह का गठन किया

### - जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी

**मुंबई ।** इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो) के बोर्ड ने हाल ही में बढ़ती उड़ान रद्द और विलंब की समस्याओं के मद्देनजर संकट प्रबंधन समूह (सीएमजी) का गठन किया है। एयरलाइन ने रविवार को जारी बयान में कहा कि समूह नियमित रूप से बैठक कर हालात की निगरानी कर रहा है और सामान्य संचालन बहाल करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी प्रबंधन द्वारा दी जा रही है। डीसीए (नागर विमानन विभाग) ने एक दिन पहले एयरलाइन के सीईओ पीटर एल्बर्स और सीओओ इसिड्रो पोरकेरस को बड़े पैमाने पर उड़ान बाधाओं पर 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का नोटिस जारी किया था। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि प्राधिकरण जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई करेगा। बोर्ड की बैठक में संकट की गंभीरता और दायरे पर विस्तृत जानकारी दी गई। सीएमजी में शामिल हैं- चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता, निदेशक मंडल सदस्य ग्रेग सारेट्स्की, माइक व्हिटेकर, अमिताभ कांत और सीईओ पीटर एल्बर्स। एयरलाइन ने कहा कि बोर्ड यात्रियों की परेशानियों के समाधान और रिफंड सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

# बच्चों के भविष्य की सुरक्षा के लिए एलआईसी ने पेश की अमृत बाल' पॉलिसी

### - बच्चों की उम्र- न्यूनतम 30 दिन से अधिकतम 13 वर्ष




**नई दिल्ली ।** आज के समय में बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करना हर माता-पिता की प्राथमिक चिंता बन गई है। बढ़ती शिक्षा लागत, प्रोफेशनल कोर्स की फीस और शादी जैसे बड़े खर्चों को देखते हुए एलआईसी ने 'अमृत बाल' पॉलिसी लॉन्च की है। यह पॉलिसी बच्चों के लिए दीर्घकालिक बचत और बीमा सुरक्षा दोनों प्रदान करती है। 'अमृत बाल' नॉन-लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी विशेष रूप से बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए बनाई गई है। इस पॉलिसी को बच्चे के नाम पर लिया जा सकता है, जिसकी उम्र न्यूनतम 30 दिन और अधिकतम 13 वर्ष हो सकती है। पॉलिसी मैच्योरिटी बच्चे की उम्र 18 से 25 वर्ष पर मिलती है, जिससे शिक्षा, करियर या शादी के महत्वपूर्ण अवसरों पर आर्थिक मदद उपलब्ध होती है। इस योजना में न्यूनतम बीमा राशि 2 लाख रुपए है, जबकि अधिकतम राशि की कोई सीमा नहीं है। ग्राहक मासिक, तिमाही, छमाही या वार्षिक प्रीमियम भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा सिंगल प्रीमियम या 5, 6 और 7 साल की सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि का विकल्प भी उपलब्ध है। पॉलिसी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से आसानी से खरीदी जा सकती है। पॉलिसी में वेवर बेनिफिट राइडर भी शामिल है, जो माता-पिता की अचानक मृत्यु या गंभीर स्थिति में बाकी प्रीमियम माफ करता है। इसके अलावा हर साल मिलने वाला गारंटीड बोनस निवेश को और मजबूत बनाता है। जरूरत पड़ने पर पॉलिसीधारक शर्तों के अनुसार लोन भी ले सकते हैं।

# रुपए में गिरावट का शेयर बाजार में दिखने लगा असर

### विदेशी–निवेशकों ने 7 दिन में निकाले 11,820 करोड़

**मुंबई।**

फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स ने दिसंबर के पहले हफ्ते में भारतीय शेयर बाजार से 11,820 करोड़ रुपए (1.3 बिलियन डॉलर) निकाल लिए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस निकासी की मुख्य वजह रुपए की तेज गिरावट रही। विदेशी निवेशकों ने नवंबर में 3,765 करोड़ की निकासी की थी। 2025 में अब तक कुल 1.55 लाख करोड़ रुपए (.17.7 बिलियन) निकाल चुके हैं। हालांकि घरेलू निवेशकों ने पहले हफ्ते में 19,783 करोड़ की खरीदारी की। इससे फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स निकासी का प्रभाव बाजार पर सीमित रहा। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट विजयकुमार ने कहा, रुपए की 5 प्रतिशत गिरावट ने फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स को निकासी के लिए मजबूर किया। वहीं एंजेल वन के सीनियर फंडामेंटल एनालिस्ट वकार जावेद खान ने कहा, ईयर-एंड पोर्टफोलियो रीपोजिशनिंग और इंडिया-यूएस ट्रेड डील में देरी ने ग्लोबल सेंटिमेंट खराब किया है। अक्टूबर में फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स ने भारतीय इक्विटी में 14,610 करोड़ रुपए का निवेश किया था, जो जुलाई से सितंबर तक चले तीन महीनों की बिकवाली की लाइन को तोड़ने वाला था। उस दौरान जुलाई में 17,700 करोड़, अगस्त में 34,990 करोड़ और सितंबर में 23,885 करोड़ रुपए निकाले गए थे। इस साल अब तक कुल मिलाकर विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से 1.43 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की निकासी की है। डेट मार्केट में हालात थोड़े बेहतर हैं, जहां जनरल लिमिट के तहत 8,114 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, लेकिन वॉलंटरी रिटेंशन रूट से 5,053 करोड़ रुपए निकाले गए।



**इस साल 5 प्रतिशत तक गिरा रुपया**

इससे पहले रुपया 4 दिसंबर को डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया था। आज डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे गिरकर 90.43 के स्तर पर आ गया था। रुपया 2025 में अब तक करीब 5 प्रतिशत कमजोर हो चुका है। 1 जनवरी को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.70 के स्तर पर था। आगे की राह पर नजर डालें तो दिसंबर में फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स एक्टिविटी ज्यादातर अमेरिकी फेड रिजर्व के रेट कट सिग्नल्स और भारत-अमेरिका ट्रेड एग्रीमेंट की प्रोग्रेस पर निर्भर करेगी। अगर ये पॉजिटिव रहे तो बाजार में वापसी हो सकती है, नहीं तो बिकवाली का सिलसिला जारी रह सकता है।

# सीएट टायर कंपनी वैश्विक बाजारों में विस्तार के लिए तैयार

### यूरोप और अमेरिका पर फोकस, क्षेत्र-विशेष टायर निर्माण और निर्यात बढ़ाने की रणनीति

**नई दिल्ली ।** आरपीजी समूह की टायर कंपनी सीएट ने वैश्विक विस्तार की अपनी रणनीति पर जोर दिया है। कंपनी यूरोप और अमेरिका जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए विशेष टायर विकसित कर रही है ताकि निर्यात बढ़ाया जा सके और वैश्विक ब्रांड के रूप में अपनी पहचान बनाई जा सके। कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि कंपनी की कुल आय में निर्यात की हिस्सेदारी वर्तमान में 20 प्रतिशत है, जिसे आने वाले वर्षों में बढ़ाने की योजना है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी और यूरोपीय बाजार में वृद्धि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएट विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों और मौसम की स्थितियों के अनुसार टायर बनाती है। उदाहरण के लिए यूरोप में घुमावदार सड़कें हैं जबकि अमेरिका और पश्चिम एशिया में ज्यादातर सीधी सड़कें हैं। कंपनी नॉर्डिक क्षेत्र, जर्मनी और अन्य स्थानों पर टायर का परीक्षण कर रही है। वर्तमान बिक्री संरचना के अनुसार 60 प्रतिशत बिक्री पुराने टायरों के रिप्लेसमेंट से, 20 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय बाजार से और 20-25 प्रतिशत बिक्री ओईएम को होती है। सभी क्षेत्र सकारात्मक दिख रहे हैं और कंपनी भविष्य की वृद्धि के लिए आशावादी है। उन्होंने घरेलू टायर उद्योग के उज्ज्वल भविष्य पर भी भरोसा जताया।

# वैश्विक खाद्य कीमतों में नवंबर में गिरावट, उपभोक्ताओं को मिली राहत

### - एफएओ वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक- नवंबर में 125.1 अंक, अक्टूबर की तुलना में 1.2 फीसदी कम

**नई दिल्ली ।**

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के अनुसार नवंबर 2025 में वैश्विक खाद्य कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। एफएओ का वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक 125.1 अंक पर रहा, जो अक्टूबर की तुलना में 1.2 फीसदी कम है और मार्च 2022 के रिकॉर्ड स्तर से करीब 22 फीसदी नीचे है। वर्ष-दर-वर्ष आधार पर भी यह नवंबर 2024 की तुलना में 2.1 फीसदी कम रहा। दूध, तेल, चीनी और मीट जैसी प्रमुख वस्तुएं सस्ती हुईं, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली। हालांकि अनाज के दाम बढ़े। अनाज मूल्य सूचकांक नवंबर में 105.5 अंक पर पहुंचा, जो अक्टूबर से 1.8 फीसदी अधिक है। गेहूं के दाम 2.5 फीसदी बढ़े, कारण चीन का अमेरिका से बड़ा आयात, ब्लैक सी क्षेत्र में तनाव और रूस में कम बुवाई का अनुमान है। मक्के की कीमतें ब्राजील में मजबूत मांग और अर्जेंटीना-ब्राजील में बारिश के कारण बढ़ीं। जौ और ज्वार की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई, जबकि चावल मूल्य सूचकांक 1.5 फीसदी घटा। खाद्य तेल मूल्य सूचकांक 165 अंक पर पहुंचा, जिसमें 2.6 फीसदी की कमी आई। पाम, सूरजमुखी और रेपसीड तेल सस्ते हुए, जबकि सोया तेल ब्राजील में बढ़ती बायोडीजल मांग के कारण महंगा हुआ। चीनी मूल्य सूचकांक 88.6 अंक पर पहुंचा, जो अक्टूबर से 5.9 फीसदी और पिछले साल से 29.9 फीसदी कम है।

ब्राजील में गन्ना इथेनॉल की बजाय चीनी उत्पादन में गया, भारत में फसल अच्छी रही और थाईलैंड में अनुकूल मौसम ने उत्पादन बढ़ने की उम्मीद को मजबूती दी। नवंबर 2025 उपभोक्ताओं के लिए राहत भरा रहा, क्योंकि अधिकांश खाद्य वस्तुएं सस्ती हुईं, जबकि अनाज के कुछ उत्पादों में कीमतों में उछाल देखने को मिला।

# वर्लपूल इंडिया की हिस्सेदारी बिक्री पर ब्रेक

### - 1 अरब डॉलर की डील वैल्यूएशन विवाद में फेल

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी घरेलू उपकरण निर्माता वर्लपूल की भारतीय इकाई की बिक्री को लेकर चल रही बड़ी डील अचानक ठंडे बस्ते में चली गई है। ग्लोबल प्राइवेट इक्विटी दिग्गज एडवेंट इंटरनेशनल इस सौदे में प्रमुख दावेदार था, लेकिन वैल्यूएशन पर सहमति न बनने के कारण बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्षों ने इस पर चुप्पी साध ली है, जबकि एडवेंट ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और वर्लपूल ने रॉयटर्स के सवालों का जवाब नहीं दिया। वर्लपूल कॉर्प अपनी भारतीय सहायक कंपनी में 51 फीसदी हिस्सेदारी रखती है और जनवरी में उसने इसे घटाकर करीब 20 फीसदी तक लाने की योजना जताई थी। कंपनी वैश्विक एसेट रीऑर्गनाइजेशन के तहत अपना कर्ज कम करना चाहती है और अनुमान था कि हिस्सेदारी बेचकर उसे 550-600 मिलियन डॉलर तक की नकदी मिल सकती है। एडवेंट यदि 31 फीसदी हिस्सेदारी खरीदता, तो भारतीय नियमों के अनुसार उसे अतिरिक्त 26 फीसदी के लिए ओपन ऑफर देना पड़ता। इस तरह डील का कुल मूल्य लगभग 1 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद थी। सूत्रों के मुताबिक डील फेल होने का मुख्य कारण भारतीय बाजार में वर्लपूल के सामने खड़ी अल्पकालिक चुनौतियां रहीं। सख्त प्रोडक्ट स्टैंडडर्स और ऊर्जा दक्षता नियमों ने कंपनी पर लागत का दबाव बढ़ाया है।

# स्पोर्ट्स कम्यूटर बाइक पल्सर एन 160 का नया वैरिएंट लॉन्च

**नई दिल्ली ।** ऑटोमोबाइल क्षेत्र की स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो ने अपनी लोकप्रिय स्पोर्ट्स कम्यूटर बाइक पल्सर एन 160 का नया वैरिएंट लॉन्च किया है। इस वैरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 1,23,983 रुपये रखी गई है। यह बाइक देशभर में बाजाज के सभी डीलरशिप पर उपलब्ध होगी। नया मॉडल गोल्ड यूएसडी फोर्क्स और सिंगल-सीट सेटअप के साथ पेश किया गया है, जो राइडर्स को बेहतर कम्फर्ट और स्टेबिलिटी देता है। कंपनी ने यह मॉडल उन राइडर्स के लिए तैयार किया है जो रोजमर्रा की राइडिंग में प्रीमियम अनुभव और बेहतर कंट्रोल चाहते हैं। नया सिंगल-सीट सेटअप बाइक की स्पोर्टी पोजिशन बनाए रखता है और इसे देखने में भी अधिक आकर्षक बनाता है। गोल्डन यूएसडी फोर्क्स बाइक को बेहतर स्टेबिलिटी, क्विक हैंडलिंग और दमदार रोड प्रेजेंस प्रदान करते हैं। डिजाइन के मोर्चे पर, नई पल्सर एन 160 चार कलर ऑप्शन - पर्ल मेटालिक व्हाइट, रेसिंग रेड, पोलर स्काय ब्ल्यू और ब्लेक - में उपलब्ध है। बाइक का मस्कुलर टैंक और शार्प पैनल्स इसके प्रीमियम लुक को बढ़ाते हैं। सिंगल-सीट लेआउट इसे साफ-सुथरा और स्पोर्टी स्टांस देता है।



# बॉर्डर 2 की शूटिंग खत्म होने पर इमोशनल हुए अहान शेट्टी

सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी अभिनीत बॉर्डर 2 अगले साल आने वाली बॉलीवुड की बड़ी फिल्मों में से एक है। हाल ही में इस फिल्म से पहले वरुण धवन और फिर दिलजीत दोसांझ का लुक सामने आया था। फिल्म की शूटिंग लगातार जारी है, लेकिन कुछ एक्टर्स ने अपना शेड्यूल पूरा कर लिया है। इस फेहरिस्त में अब अहान शेट्टी का नाम भी शामिल हो गया है।

## अहान ने पूरी की अपने हिस्से की शूटिंग

अभिनेता अहान शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म बॉर्डर 2 के सेट से कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ अहान ने एक इमोशनल नोट भी लिखा, बॉर्डर 2 की शूटिंग खत्म हो गई। आज सेट से निकलते वक्त दिल बहुत भारी है। इस फिल्म ने मुझे बहुत चुनौती दी और ऐसे यादगार पल दिए जो मैं कभी नहीं भूलूंगा। मैं अपनी फौज, शानदार कलाकारों और पूरी टीम का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं- ये टीम अब मेरा परिवार बन गई है।

## बॉर्डर 2 को लेकर अहान की राय

अहान शेट्टी ने आगे लिखा, ये फिल्म सिर्फ एक फिल्म नहीं है। इसमें असली बहादुरी, सच्ची देशभक्ति और सच्ची कहानियां हैं। शुक्रिया बॉर्डर 2- ये यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। जय हिंद।

## फिल्म बॉर्डर 2 के बारे में

बॉर्डर 2 को अनुराग सिंह निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, और अहान शेट्टी के अलावा मेधा राणा, मोना सिंह, और सोनम बाजवा भी हैं। इसे भूषण कुमार, जेपी दत्ता, और निधि दत्ता ने मिलकर बनाया है। यह फिल्म 1997 की मशहूर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है। पहली फिल्म बॉर्डर 1971 के लोंगेवाला युद्ध पर थी, जबकि बॉर्डर 2 1999 के कारगिल युद्ध की सच्ची घटनाओं पर आधारित है।



# विजय देवरकोंडा से शादी की चर्चाओं पर रश्मिका मंदाना ने दी प्रतिक्रिया

पिछले कुछ वक्त से रश्मिका मंदाना काम से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हैं। ये चर्चाएं रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी को लेकर हो रही हैं। लगातार ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि रश्मिका और विजय अगले साल यानी 2026 की शुरुआत में शादी के बंधन में बंध जाएंगे। हालांकि, रश्मिका या विजय ने अब तक इन खबरों की पुष्टि नहीं की है। अब रश्मिका ने अपनी शादी की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। हालांकि, एक्ट्रेस ने पूरी तरह से कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है।

रश्मिका ने बताया कब करेंगी कंफर्म
बातचीत के दौरान रश्मिका ने अपनी आगामी फिल्मों और वर्कफ्रंट के साथ-साथ अपनी शादी की चर्चाओं पर रिएक्ट किया। इस दौरान जब रश्मिका से पूछा गया कि क्या वह विजय से अपनी कथित शादी की पुष्टि या खंडन करना चाहती हैं? तो इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं शादी की पुष्टि या खंडन नहीं करना चाहती। मैं बस इतना कहूंगी कि जब इस बारे में बात करने का समय आएगा, तब हम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह अपने फैंस या मीडिया के साथ कुछ भी साझा करने से पहले थोड़ा समय लेना चाहती हैं। रश्मिका की इस प्रतिक्रिया के बाद दोनों की शादी को लेकर अटकलें और भी तेज हो गई हैं।

## अक्सर साथ नजर आते हैं विजय-रश्मिका

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने साथ में 'गीता गोविंदम' और 'डियर कॉमरेड' जैसी फिल्मों में काम किया है। इसी दौरान दोनों एक-दूसरे के करीब आ गए। इसके बाद से ही दोनों के बीच अफेयर की चर्चाएं आती रहती हैं। दोनों अक्सर कई मौकों पर साथ भी देखा जाता है। दोनों साथ में ही छुट्टियां मनाने भी जाते हैं। हालांकि, इसके बावजूद दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को स्वीकार नहीं किया है।

## फरवरी में शादी करने की हैं चर्चाएं



कई मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। दोनों की शादी उदयपुर में होगी। रिपोर्ट्स में यहां तक कहा गया कि रश्मिका शादी की तैयारियों के लिए उदयपुर में इंतजाम तक देखने जा चुकी हैं। रश्मिका और विजय की सगाई की खबरें अक्तूबर में काफी चर्चा में रही थीं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इन्हें स्वीकार या खारिज नहीं किया और न ही कोई फोटोज सामने आईं। लेकिन बाद में विजय की टीम ने पुष्टि की कि दोनों ने सगाई कर ली है।



# कलाकार को जीवन भर के संघर्ष के बाद सिर्फ मरने के बाद ही सम्मान मिलता है

साल 2024 में दिलजीत दोसांझ की फिल्म चमकीला आई थी, जोकि पंजाबी लोकगायक अमर सिंह चमकीला की जिंदगी पर आधारित थी। फिल्म को कई कैटगिरी में नॉमिननेट किया गया, लेकिन फिल्म एक भी अवॉर्ड अपने नाम नहीं कर पाई। अब दिलजीत ने नेटफ्लिक्स के साथ मिलकर एक वीडियो रिलीज किया है, जिसमें उन्होंने फिल्म और एक आर्टिस्ट के संघर्ष के बारे में बात की है। उनका कहना है कि जब तक कलाकार जिंदा होता है, तब तक उसे परेशान किया जाता है, लेकिन मरने के बाद उन्हें सम्मान मिलता है।

दिलजीत दोसांझ ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है और बताया कि एक कलाकार को सफल बनने के लिए क्या कुछ झेलना पड़ता है। वे वीडियो में कहते हैं, एक कलाकार को अपनी जिंदगी में हर तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है और जब तक वो मर नहीं जाता, तब तक लोग उसे महान नहीं कहते हैं और अपना प्यार भी नहीं देते। जब वे मर जाते हैं या चमकीला की तरह मार दिए जाते हैं, तभी उन कलाकारों को महान कहा जाता है या लोगों का प्यार मिलता है। उसके बाद ही उनके काम की सराहना की जाती है क्योंकि एक तो वो जिंदा नहीं है, दूसरा आपका कॉम्पीटिशन नहीं है, और तीसरा मरे हुए इंसान को सम्मान देना इंसानों का स्वभाव है। उन्होंने आगे कहा कि ये दुनिया एक फिल्मी सेट की तरह है और हर कोई अपना किरदार निभा रहा है। जब तक कलाकार जिंदा है, उसे कोई नहीं पूछता, उसे मारने की धमकी दी जाती है, परेशान किया जाता है क्योंकि जो वह कर रहे हैं, वो समाज को बर्दाश्त नहीं हो पाता, और मरने के बाद कहते हैं, वाह, क्या गाना था। इसके अलावा, उन्होंने अपनी फिल्म चमकीला को लेकर भी खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि दिलजीत यहां वेलिडेशन के लिए नहीं आया है, बल्कि चमकीला के लिए आया है। अपने फिल्म से जुड़े अनुभवों पर सिंगर ने कहा कि फिल्म में एक शॉट है। यह शॉट मैंने इसलिए किया क्योंकि कोई दूसरा कलाकार इसे समय पर नहीं कर सकता था। मुझे शॉट देखकर कहा कि चमकीला मुझे कहीं से देख रहा है और वो सीन देखकर मैं भावुक हो उठा। मेरे लिए ये करना आसान नहीं था।

# बॉलीवुड में काम न मिलने पर शहनाज गिल ने उठाया यह कदम

## मुझे शो पीस की तरह इस्तेमाल किया गया

**एक्ट्रेस और सिंगर शहनाज गिल बिग बॉस 19 में आने के बाद काफी मशहूर हुईं। पूरे देश मे मशहूर होने के बाद शहनाज गिल फिल्म किसी का भाई किसी की जान और थैंक यू फॉर कमिंग में नजर आईं। हालांकि उन्हें उतनी कामयाबी नहीं मिली जितनी उम्मीद की जा रही थी। ऐसे में उन्होंने पंजाबी फिल्म इक कुड़ी की निर्माता बनने का सोचा। अब उन्होंने हिंदी और पंजाबी सिनेमा के बारे में कई बातें कही हैं।**

### शहनाज ने खुद पर लगाया पैसा

शहनाज गिल हाल ही में बिग बॉस 19 में नजर आईं। उन्होंने सलमान खान से कहा मेरे ऊपर कोई पैसा नहीं लगा रहा, तो मैंने खुद पर लगा दिया। अब उन्होंने फरीदून शहरयार से बातचीत में बताया है कि उन्होंने अपने प्रोजेक्ट में पैसा क्यों लगाया है? बातचीत में शहनाज गिल ने कहा मुझे अच्छी स्टोरीज नहीं मिल रही हैं। मुझे फिल्मों में शो पीस की तरह इस्तेमाल किया गया। मुझे एक ही तरह की कहानियां मिल रही थीं, जिनमें कुछ भी नया नहीं था और कोई अच्छा संदेश भी नहीं था। ऐसे में मैंने सोचा कि खुद पर पैसा लगाना सही रहेगा।


### शहनाज ने की पंजाबी सिनेमा की तारीफ

शहनाज गिल ने आगे बताया कि पिछले पांच वर्षों से उन्हें पंजाबी फिल्मों के ऑफर आ रहे थे। हालांकि वह अच्छी फिल्म के इंतजार में थीं। कुछ ऐसा जिससे पंजाबी फिल्म में उनकी वापसी अच्छी तरह से हो सके। पंजाबी फिल्मों में काम करने पर शहनाज ने कहा कई लोग मुझसे कहते हैं कि मैंने पंजाबी फिल्मों में वक्त बर्बाद

### शहनाज गिल का काम

शहनाज गिल को आखिरी बार पंजाबी फिल्म इक कुड़ी में देखा गया। वह इस फिल्म की निर्माता भी हैं। इसके निर्देशक अमरजीत सिंह सरोन हैं। बॉलीवुड में वह आखिरी बार राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आईं। इसमें उन्होंने सजना वे सजना गाने पर शानदार डांस किया।





# तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है

अभिनेत्री राशी खन्ना इन दिनों फिल्म '120 बहादुर' में नजर आ रही हैं। इसी दौरान उन्होंने खास बातचीत में अपने करियर और निजी जिंदगी से जुड़ी कई बातों पर खुलकर चर्चा की।

**क्या आपको कभी लगा कि इंडस्ट्री में आपको टाइपकास्ट किया जा रहा है?**
जब मैं नई-नई आई थी तो मुझे लगता था कि शायद मुझे कमर्शियल फिल्मों में टाइपकास्ट कर दिया जाएगा। मुझे लगा कि मुझे सिर्फ ऐसे ही रोल मिलेंगे। कमर्शियल फिल्में मुझे पसंद हैं, लेकिन मैं स्ट्रॉन्ग कैरेक्टर्स करना चाहती थी। फिर थोली प्रेमा (2018) रिलीज हुई और उसने मेरी ट्रैजेक्टरी बदल दी। उसके बाद फर्जी आई और लोगों ने पहली बार मुझे डी-ग्लैम और अलग रोल में देखा। हिंदी में मुझे बेहतर रोल मिलने लगे और अब तक मुझे हिंदी इंडस्ट्री में टाइपकास्ट नहीं किया गया है। अगर कभी ऐसा हुआ तो मैं खुद कहूंगी कि मैं ऑडिशन देने के लिए तैयार हूं। मैं कोशिश करूंगी कि खुद स्टीरियोटाइप को तोड़ सकूं।

**तमिल, तेलुगु और हिंदी इंडस्ट्री में क्या खास या अलग लगा?**
तीनों इंडस्ट्रीज में पैशन एक जैसा है। सब अच्छी फिल्में बनाना चाहते हैं। फर्क सिर्फ भाषा और कल्चर का है। तमिल इंडस्ट्री में बहुत डिसिप्लिन है। तेलुगु इंडस्ट्री में मुझे सबसे ज्यादा सपोर्ट मिला क्योंकि वहां ऑडियंस आपके ऊपर विश्वास करती है। हिंदी इंडस्ट्री में ओपननेस है और एक्सपेरिमेंट की आजादी है। तीनों इंडस्ट्रीज ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है और मुझे ग्राउंडेड रखा है।

**कमर्शियल और कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा का बैलेंस कैसे रखती हैं?**
बैलेंस उतना मुश्किल नहीं है जितना लोग सोचते हैं। इसके लिए आपको खुद ओपन रहना पड़ता है। मैं मेकर्स को खुद बोलती हूँ कि मुझे ऑडिशन करने दें, ताकि मुझे कंटेंट वाली फिल्में भी मिलें। लेकिन मैं कमर्शियल सिनेमा की पकड़ भी नहीं छोड़ती क्योंकि मुझे दोनों पसंद हैं। ये बैलेंस आपको खुद ही बनाए रखना पड़ता है।

**क्या कोई ऐसा ड्रीम रोल है जिसे निभाने की आपकी बहुत इच्छा है, लेकिन अभी तक मौका नहीं मिला?**
मुझे लगता है कि मैंने अभी शुरुआत ही की है। मेरे कई ड्रीम रोल्स हैं। मुझे एक्शन फिल्म करनी है, पीरियड फिल्म करनी है और अगर दोनों साथ मिल जाएं तो बहुत अच्छा होगा। मुझे हिंदी में रोमैंटिक कॉमेडी और साइकोलॉजिकल थ्रिलर भी करना है।

**आपकी पढ़ाई आपकी एक्टिंग या स्क्रिप्ट एनालिसिस के तरीकों को प्रभावित करती है?**
मेरी पढ़ाई ने मेरी एक्टिंग में बहुत मदद की है। मैं हर किरदार को केस स्टडी की तरह पढ़ती हूं। मैं उसका पास्ट, फियर्स और कोपिंग मेकैनिज्म खोजती हूं। मैं सिर्फ ये नहीं देखती कि किरदार क्या बोल रहा है। मैं समझने की कोशिश करती हूं कि वो ऐसा क्यों बोल रहा है। इंग्लिश ऑनर्स ने मुझे सही सवाल पूछना सिखाया और यही ट्रेनिंग फिल्मों में काम आती है। मैं अपने किरदारों को कभी जज नहीं करती। मैं उन्हें समझती हूं।

**आने वाले कुछ वर्षों में आप अपने करियर को किस दिशा में देखती हैं?**
पहले मैं अपने करियर के बारे में बहुत नहीं सोचती थी। मैं बस मेहनत करती थी। लेकिन अब मैं कॉन्शस डिसीजन लेती हूं। आने वाले समय में मैं अपने काम में मेच्योरिटी और डेप्थ लाना चाहती हूं। मैं ऐसे किरदार करना चाहती हूँ जो लेयर्ड, फ्लॉड और कॉम्प्लेक्स हों। मेरा लक्ष्य है कि मेरा कलाकार हमेशा ज़िंदा रहे।

**फर्जी 2' में क्या नया एक्सप्लोर कर रही हैं?**
अभी तक मुझे स्क्रिप्ट हाथ में नहीं मिली है। इसलिए सच बताऊं तो मुझे नहीं पता कि मेरा किरदार किस दिशा में जा रहा है। जैसे ही स्क्रिप्ट मिलेगी, मैं डायरेक्टर्स के साथ बैठकर समझूंगी कि आगे कैसे बढ़ना है।

**तलाखों में एक' में बंगाली किरदार की तैयारी कैसे की?**
इस फिल्म के डायरेक्टर बंगाली हैं। फिल्म पूरी बंगाली में नहीं है, लेकिन कुछ लाइन्स बंगाली में हैं। उन्होंने मुझे समझाया कि बंगाली लड़कियाँ कैसी होती हैं और उनकी सोच कितनी इंडिपेंडेंट होती है। उस इंडिपेंडेंस को मेरे किरदार में दिखाया गया है। उनके पहनावे से लेकर थॉट प्रोसेस तक सब पर काम किया गया। मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे करियर में अहम साबित होगी।

### 'उस्ताद भगत सिंह' में पवन कल्याण के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

यह पहली फिल्म थी जिसे मैंने स्क्रिप्ट पढ़े बिना साइन किया। मेरा सपना था कि मैं पवन कल्याण जी के साथ काम करूं। पहले दिन जब वो आए तो उनकी प्रेज़ेंस बहुत पावरफुल थी। मुझे थोड़ा इंटरमिडेट महसूस हुआ, जो मेरे साथ कभी नहीं होता। लेकिन जब बातचीत शुरू हुई तो समझ आया कि वो बहुत हंबल हैं और लोगों के बारे में सोचते हैं। उन्हें रीडिंग का शौक है और हम किताबों पर भी चर्चा करते रहे। वो अपने स्टारडम को जिम्मेदारी की तरह लेते हैं। उनसे मिलना मेरे लिए एक खास अनुभव रहा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in